नई दिल्ली
गुरुवार 11 सितंबर 2025
अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
वर्ष : 29, अंक : 148
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## नेपाल के बाद अब फ्रांस सुलगने लगा



## करीब एक लाख लोग सड़कों पर उतरे, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नेपाल में सोमवार और मंगलवार को सरकार के खिलाफ हुए आंदोलन की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि दुनिया के एक और देश में सरकारी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शनों की शुरुआत हो गई है। इस बार विरोध का केंद्र है फ्रांस और निशाने पर है राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सरकार की नीतियां। इस बीच बुधवार को जब फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रदर्शनकारी सड़कों पर दिखे तो यूरोपीय देश में चिंताएं साफ देखी गईं। फ्रांस में 15 जुलाई ⏩ शेष पेज 9 पर

**विरोध की वजह**

**बजट में तीन चीजें शामिल की गईं**

1. सार्वजनिक छुट्टी रद्द
2. अमीरों के लिए कर छूट सीमित
3. सिविल सेवा की नौकरियों में कटौती

**अब तक 2 हजार लोग गिरफ्तार**

फ्रांस में ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने रास्ते जाम करने के दौरान आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भी झड़प हुई। अधिकारियों का कहना है कि ⏩ शेष पेज 9 पर

### जेन जी ने चुना उन्हें अपना प्रतिनिधि

# बीएचयू से पढ़ीं पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की संभालेंगी नेपाल की कमान, अंतरिम नेता नियुक्त

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल में जारी प्रदर्शनों के बीच और केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को नेपाल का अंतरिम नेता नियुक्त किया गया है।

नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश कार्की से उम्मीद की जा रही है कि वे नए चुनाव होने तक मौजूदा संकट से देश को बाहर निकालेंगी। बताया जा रहा है जेन-जी मूवमेंट के सदस्यों की एक वर्चुअल मीटिंग में कार्की के नाम ⏩ शेष पेज 9 पर

◆ वे नए चुनाव होने तक मौजूदा संकट से देश को बाहर निकालेंगी, सेना से बात करेंगी




**हेलीकॉप्टर से लटककर भागे नेपाल के नेता**

नेपाल में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच एक ऐसा वीडियो सामने आया है जो काफी हैरान करने वाला है। इस वीडियो में एक हेलीकॉप्टर में कुछ लोगों को लटके हुए देखा जा सकता है जिन्हें प्रदर्शनकारियों से दूर किसी सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। ये नेता बताए जा रहे हैं। हिंसक प्रदर्शनों के बीच सेना ने कुछ राजनेताओं को सुरक्षित निकाला है।

### भारत सरकार से लगाई मदद की गुहार, चीन में भारतीय दूतावास ने जारी किया परामर्श

## नेपाल में तनाव के बीच मुसीबत में फंसे कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए तीर्थयात्री



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** नेपाल में 'जेन-Z' के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों से बनी हुई तनावपूर्ण स्थिति के बीच काफी लंबे अंतराल के बाद इस साल शुरू हुई पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए कुछ भारतीय तीर्थयात्री फंसे गए हैं और उन्होंने भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। सोशल मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक, फंसे हुए यात्रियों की अनुमानित संख्या 500 से कुछ अधिक बताई जा रही है। जो यात्रा के अलग-अलग मार्गों जैसे कुछ चीन के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले तिब्बत में तो कुछ नेपाल के काठमांडू व अन्य जगहों पर फंसे हुए हैं। जिसके पीछे नेपाल में तनाव के बीच ठप पड़ी हुई हवाई यात्रा, सड़क सीमाओं पर लगी हुई रोक और सड़क मार्ग से बाधित यात्रा बड़ी वजह बनकर उभरी है। इन सबके बीच चीन के बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट के ⏩ शेष पेज 9 पर


Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज उत्तराखंड का करेंगे हवाई सर्वेक्षण



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का आज गुरुवार को हवाई सर्वेक्षण करेंगे। स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। प्रधानमंत्री शाम को सवा चार बजे राज्य के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। शाम को पांच बजे एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### आरएसएस प्रमुख 13 को आएंगे इंदौर



**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 13 सितंबर को इंदौर पहुंचेंगे। भागवत इस बार इंदौर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल द्वारा लिखित पुस्तक 'परिक्रमा' के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार डॉ. भागवत 14 सितंबर रविवार तक इंदौर में रहेंगे।

### नीट यूजी काउंसलिंग की तारीख बढ़ी



**नई दिल्ली।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने नीट यूजी-2025 की सेकेंड राउंड काउंसलिंग की तिथि आगे बढ़ा दी है। अभी एमसीसी ने फाइनल तिथि जारी नहीं की है, लेकिन च्वाइस फिलिंग व रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि नौ सितंबर तक थी। 197 नई सीटों को जोड़े जाने और दस्तावेजों की जांच जारी रहने के कारण निर्णय लिया गया है।

### पीएम मोदी बोले- व्यापार वार्ता पूरी करने को लेकर काम जारी, ट्रंप से बातचीत को लेकर उत्सुक हूं

# ट्रंप ने पहले भारत की ओर बढ़ाया दोस्ती का हाथ, फिर ईयू से बोले लगाओ 100% टैरिफ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पल में तोला, पल में माशा...जी हां यह मुहावरा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मौजूदा व्यक्तित्व के साथ पूरी तरह से मेल खाता हुआ नजर आ रहा है। ट्रूथ सोशल पर आई उनकी एक ताजा पोस्ट ने भी इसका साक्षात प्रमाण प्रस्तुत किया। जिसमें पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत की फिर से शुरुआत करने के साथ ही आने वाले हफ्तों में पीएम मोदी से संवाद करने की इच्छा जताई।

लेकिन फिर इसके तुरंत बाद उन्होंने अपने स्वर बदलते हुए यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) से भारत और चीन पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का आग्रह किया। जिसके पीछे की बड़ी वजह दोनों एशियाई देशों द्वारा वर्तमान में रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद है। यहां बता दें कि ईयू का प्रतिनिधिमंडल टैरिफ व अन्य प्रतिबंधों पर चर्चा करने के लिए फिलहाल वाशिंगटन डीसी में है। ट्रंप ने यह संकेत भी दिए हैं कि अगर ईयू उनके अनुरोध पर ध्यान देता है तो वो भी इसी तरह के टैरिफ लगाने के लिए तैयार हैं। यहां बता दें कि ईयू से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शत-प्रतिशत टैरिफ लगाने के आग्रह की जानकारी विदेशी मीडिया के हवाले से मिली है।



### उज्जवल भविष्य के लिए काम करेंगे: पीएम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट के जरिए अमेरिका के राष्ट्रपति की पोस्ट का जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ताएं दोनों देशों की असीम संभावनाओं को उजागर करने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। पीएम ने कहा कि हमारी टीमें इन चर्चाओं को जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। हम दोनों देशों के आम लोगों के लिए एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे'। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप की ट्रुथ सोशल की पोस्ट के मुताबिक, 'मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों देश व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। मैं आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे दोस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हमारे दोनों महान देशों के लिए एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी'।*

### चार दिन में भेजे मित्रता के दो संदेश

*गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने बीते लगभग चार दिनों में दो बार भारत और उसके प्रधानमंत्री को मित्रता वाले संदेश भेजे हैं। पहले 6 सितंबर को उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में भारत-अमेरिका के रिश्तों को बहुत ही खास बताया था। साथ ही कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा उनके दोस्त रहेंगे, चिंता की कोई बात नहीं है। इस दौरान उन्होंने भारत और रूस को चीन के हाथों खोने की अपनी एक पुरानी टिप्पणी को लेकर जवाब में कहा था कि ऐसा फिलहाल कुछ नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति की इस पोस्ट पर भी पीएम मोदी ने अपनी ओर से तुरंत गर्मजोशी के साथ सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। अब बीते 9-10 सितंबर को ट्रंप की एक नई पोस्ट आई है। जिसमें वो भारत के साथ व्यापार बाधाओं को दूर करने की बात कह रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने इसका भी अपने चिर-परिचित अंदाज में सकारात्मकता के साथ जवाब दिया है।*

### भारत पर लगाया 50 फीसदी टैरिफ

*अमेरिका ने भारत पर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें रूस से जारी तेल खरीद पर दंडात्मक टैरिफ का 25 फीसदी भाग भी शामिल है। पिछले अगस्त महीने से अमेरिका को किए जाने वाले भारतीय सामान के निर्यात पर यह पूरा 50 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है। इन सबके बीच हालांकि सरकार का कहना है कि वो अपने राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर तेल की खरीद जारी रखेगी और इस दिशा में हर जरूरी कदम उठाएगी। किसानों और छोटे व मझौले उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए भी सरकार ने प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका के टैरिफ को विदेश मंत्रालय ने अपने एक पूर्व बयान के जरिए पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि यह पूरी तरह से अनुचित और अन्यायपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार जारी रखे हुए है। तो उसे भारत से परेशानी क्यों है? विदेश मंत्री एस.जयशंकर ये भी कह चुके हैं कि भारत से ज्यादा तेल चीन रूस से खरीदता है। लेकिन अमेरिका ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया। ऐसा क्यों? चीन पर अमेरिका ने 30 फीसदी टैरिफ लगाया है।*

### वैश्विक संघर्षों के बीच पीएम ने की इटली और कतर के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत

## मोदी-मेलोनी वार्ता में शामिल रहा यूक्रेन में जल्द युद्ध समाप्ति का मुद्दा

- कतर के अमीर शेख अल थानी से हुई बातचीत में पीएम ने दोहा में हुए हालिया हमलों पर जताई गहरी चिंता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के निकट पड़ोसी देश नेपाल सहित दुनिया के कई भागों में जारी संघर्षों से बने हुए अत्यंत तनावपूर्ण माहौल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इटली और कतर के राष्ट्राध्यक्षों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। एक्स पर की गई अपनी कुछ पोस्ट के जरिए उन्होंने यह जानकारी दी है। जिसमें सबसे पहले इतालवी प्रधानमंत्री के साथ हुई बातचीत को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने भारत और इटली की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता दोहराई और यूक्रेन में जारी संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने में साझा रुचि जताई है। उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ वार्ता में पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत और यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने और आईएमट्रिपलईसी पहल के माध्यम से संपर्क को बढ़ावा देने में इटली के सक्रिय सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया।



### दोहा में हमलों से चिंतित भारत

*एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अलथानी के साथ हुई बातचीत का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि हमारी चर्चा में मैंने दोहा में हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। भारत कतर के भाईचारे वाले राज्य की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। हम बातचीत और कूटनीति के जरिए मुद्दों के समाधान और तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं। इसके अलावा भारत क्षेत्र में शांति-स्थिरता और आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है।*

### इजरायल ने किया दोहा पर हमला

*विदेश मंत्रालय ने बीते मंगलवार को एक बयान जारी कर कतर पर हुए इजरायल के हमले को लेकर भारत का पक्ष रखा था। जिसमें कहा गया था कि हमने दोहा पर हुए इजरायल के हमले को लेकर मीडिया की रिपोर्ट देखी है। हम इस घटनाक्रम और क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को लेकर गंभीरता के साथ चिंतित हैं। भारत मजबूती के साथ संयम बरतने और कूटनीति का आग्रह करता है, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा पर कोई आंच न आए।*

## सीपी राधाकृष्णन 12 को ले सकते हैं पद की शपथ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



निर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर को पद की शपथ ले सकते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को राधाकृष्णन को शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण संपन्न होगा। 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत हासिल की थी। यह चुनाव तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक दिए गए इस्तीफे के बाद कराया गया था। संसद भवन में मंगलवार को हुए मतदान में राधाकृष्णन को 752 वैध मतों में से प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले थे, जबकि रेड्डी को प्रथम वरीयता के महज 300 वोट ही मिले थे। 14 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोलकाता में निवेश के लिए उद्योगपतियों से की वन-टू-वन चर्चा

### कहा-पीएम मित्रा पार्क से टैक्सटाइल सेक्टर में मप्र को मिलेगा नया आयाम

## कोलकाता इंटरैक्टिव सेशन में मिले 14,600 करोड़ के 'निवेश' प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में उत्पादित ऑर्गेनिक कॉटन की मांग अनेक देशों में है। यह टैक्सटाइल का हब बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों का आह्वान किया कि वे मप्र आएं, राज्य सरकार निवेशकों को पीएम मित्रा पार्क में हर संभव सहायता और सुविधा उपलब्ध करवाएगी। धार का पीएम मित्रा पार्क भारत के औद्योगिक विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण आयाम जोड़ेगा। यह पार्क



राज्य के टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर को वैश्विक मानकों तक पहुंचाने के साथ रोजगार और आर्थिक विकास में नए आयाम खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को कोलकाता केजे डब्ल्यू मैरियट होटल में निवेश संभावनाओं पर इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित कर रहे



थे। मुख्यमंत्री ने 12 से अधिक उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में 7 पीएम मित्रा पार्क स्वीकृत किए, उसमें से पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमि-पूजन करने प्रधानमंत्री 17 सितंबर को धार ⏩ शेष पेज 9 पर

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने दिया पुरस्कार

## मध्य प्रदेश को मिला 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड' अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/नई दिल्ली

- इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स 2025 नई दिल्ली में मप्र टूरिज्म बोर्ड सम्मानित

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) को प्रतिष्ठित बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान नई दिल्ली के ली मेरिडियन में 9



सितंबर को आयोजित भव्य इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स 2025 समारोह में प्रदान किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान ने भारत के पर्यटन क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्टता और सतत विकास को लेकर मध्य प्रदेश की अग्रणी ⏩ शेष पेज 9 पर

### कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा

## भाजपा को हराना मुमकिन अगर विपक्ष एकजुट रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



**भाजपा को सिर्फ एक तिहाई वोट मिले**

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन एकजुट होकर सही रणनीति अपनाए तो लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। साथ ही भाजपा को चुनाव में हराया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि 2014 से 2024 तक भाजपा को सिर्फ एक-तिहाई वोट मिले, जबकि दो-तिहाई भारतीयों ने उसे नकार दिया। इसका मतलब यह भी है कि अधिकांश हिंदुओं ने हिंदुत्व की राजनीति को धर्म या जीवनशैली से नहीं जोड़ा है और यह इंडिया गठबंधन के लिए एक उम्मीद की किरण है। वे जवाहर भवन में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक प्रेम शंकर झा की नई किताब 'द डिसमेन्टलिंग ऑफ इंडिया'स डेमोक्रेसी 1947 टू 2025' के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। हालांकि, अय्यर ने माना कि गठबंधन में अभी भी कई अंदरूनी मतभेद हैं, जो गैर-भाजपा वोटों को बांट सकते हैं, जैसा कि पिछले तीन आम चुनावों में हुआ। उन्होंने कहा कि संकेत दोनों तरह के हैं एक ओर एकजुटता की उम्मीद है, तो दूसरी ओर अंदरूनी खींचतान भी चिंता का कारण है। इसके साथ ही 84 वर्षीय अय्यर ने दावा किया कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों के अंदर भी अब दरारें उभरने लगी है।

### राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में नौवें दिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# राज्यपाल, मंत्रिपरिषद की सलाह लेने के लिए बाध्य: तेलंगाना सरकार कर्नाटक ने दिया यह तर्क- राष्ट्रपति व राज्यपाल 'नाममात्र' के प्रमुख

### भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस केस को सुन रही है

### 90 प्रतिशत विधेयकों को एक महीने में ही मंजूरी: सॉलिसिटर जनरल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तेलंगाना सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्यपाल अभियोजन स्वीकृति देने के मामले में भी मंत्रिपरिषद की सलाह लेने के लिए बाध्य होते हैं। जब कोई मंत्री या मुख्यमंत्री किसी आपराधिक मामले में शामिल हों, तभी राज्यपाल पर ये बाध्यता नहीं होती। भारत के मुख्य न्यायाधीश ⏩ शेष पेज 9 पर



### पड़ोसी देश में देखिए क्या हो रहा है- सुप्रीम कोर्ट में नेपाल और बांग्लादेश का जिक्र

सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई के दौरान नेपाल और बांग्लादेश में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों का उल्लेख किया गया। भारतीय संविधान का जिक्र करते हुए, जिसमें राष्ट्रपति को किसी भी कानूनी मुद्दे पर, जो सार्वजनिक महत्व का हो या किसी भी तरह से जनता को प्रभावित करता हो, सुप्रीम ⏩ शेष पेज 9 पर

## पूरे देश में वोटर लिस्ट का होगा एसआईआर, अक्टूबर से शुरुआत

*नई दिल्ली। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि मतदाता सूचियों का एक विशेष राष्ट्रव्यापी पुनरीक्षण अक्टूबर तक शुरू होने की उम्मीद है। बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की बैठक में इस प्रक्रिया की तैयारियों पर चर्चा की गई, जहां इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई। चुनाव आयोग ने हाल ही में बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची में इसी तरह का संशोधन किया था। अब इस प्रक्रिया का विस्तार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों* ⏩ शेष पेज 9 पर

### रोजाना बड़ी संख्या में परेशान हो रहे हैं चालक और यात्री

# तीन विभागों की 'ना-नुकर' से एनएच-44 बना मुसीबत का रास्ता

दया राम ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली-हरियाणा को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सिंघोला गांव के पास बने फ्लाईओवर पर हुए गड्ढे की मरम्मत के लिए तीन विभागों (एनएचएआइ, डीजेबी और डीडीए) की 'ना-नुकर' से एनएच-44 लोगों के लिए मुसीबत का रास्ता बन चुका है। इसके चलते यहां लाखों यात्री रोज़ाना परेशान हो रहे हैं। विभागों के बीच तालमेल की कमी से सड़क की मरम्मत अधर में ही अटकी हुई है। वहीं, इस संबंध में क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही विभागों के बीच आ रही तालमेल की कमी को दूर किया जाएगा और मरम्मत कार्य पर फोकस करते हुए जल्द से जल्द मार्ग को पहले की तरह दुरूस्त किया जाएगा ताकि वाहनों का आवागमन शुरू हो सके। बता दें कि इस फ्लाईओवर पर पिछले गुरूवार को अचानक गहरा गड्ढा हो गया। जिसका कारण पहले तो बारिश लग रहा था लेकिन जांच के बाद पाया कि दिल्ली जल बोर्ड की पाइपलाइन लीक होने से ऐसा हुआ है। एनएचएआई ने सुरक्षा का हवाला देकर फ्लाईओवर को बंद कर दिया और साथ वाले विपरीत दिशा के दूसरे फ्लाईओवर को दिल्ली से हरियाणा पंजाब की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए खोल दिया लेकिन मरम्मत का काम शुरू करने की बजाय तीन विभाग एनएचएआई, दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली विकास प्राधिकरण अपनी अपनी जिम्मेदारी तय करने में बुधवार तक भी उलझे पाए गए हैं। एक हफ्ते से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो गड्ढा भरा गया है और न ही मार्ग खोला गया है। इसके चलते रोज़ाना लाखों यात्रियों को भारी जाम और लंबी दूरी तय करने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है।

#### विभागों की खींचतान से अटका मरम्मत कार्य

एनएचएआई के एक अधिकारी का कहना है जब तक दिल्ली जल बोर्ड उन्हें नक्शा बनाकर नहीं देगा तब तक वह आगे का मरम्मत कार्य नहीं कर पाएंगे जबकि दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि एनएचएआई और डीडीए निर्धारित जमीन नहीं देगी तब तक पाइपलाइन को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और इसके चलते सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे पर टालते हुए नजर आ रहे हैं। तीनों विभागों की यह खींचतान सीधे जनता की परेशानी का कारण बनी हुई है।

#### फ्लाईओवर के नीचे लगा दिए गए हैं बेरिकेड्स

फ्लाईओवर के नीचे बेरिकेड्स लगा दिए गए हैं और दुपहिया वाहनों तक को प्रवेश नहीं है। जिसके चलते यहां से गुजरने वालों को आगे जाम से जूझते हुए आना पड़ रहा है साथ ही गलत दिशा में वाहनों के जाने से दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। इसके साथ ही सर्विस मार्ग पर अचानक बढ़ा दबाव दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। बंकू की रसोई से टीकरी खुर्द की तरफ संकरी सड़कों पर बड़े-बड़े ट्रक और छोटे वाहन एक साथ निकलने की कोशिश करते हैं जिससे अक्सर भिड़ंत की नौबत बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## मंत्रियों ने किया बाढ़ प्रभावित फसलों का निरीक्षण, जल्द मिलेगा मुआवजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मंत्री कपिल मिश्रा और रविंद्र इंद्राज ने अधिकारियों के साथ पल्ला चौक से लेकर हिरणकी तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया, किसानों के दर्द को सुना

दिल्ली के आई बाढ़ से किसानों और जनता को हुए भारी नुकसान के आकलन के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा और समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने पल्ला चौक से लेकर हिरणकी तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया और किसानों से संवाद कर उनकी पीड़ा को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने कहा कि हम सब मिलकर किसानों के दुख–सुख में उनके साथ खड़े हैं। दिल्ली सरकार किसानों के दर्द को समझती है और नुकसान हुई फसल की भरपाई के लिए यथोचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाएगा। दोनों मंत्रियों ने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों और ग्रामीणों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि यमुना नदी में आई बाढ़ से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता काफी चिंतित हैं। पूरी तरह नष्ट हुई सब्जियों, धान और अन्य फसलों को देखकर किसानों की पीड़ा को प्रत्यक्ष महसूस किया है। साथ ही नदी के बहाव और टूटे हुए बांधों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार किसानों की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि पल्ला, झंगोला से लेकर हिरणकी तक बाढ़ प्रभावित किसानों की पीड़ा को प्रत्यक्ष देखकर मन व्यथित हुआ है। किसानों की पूरी तरह नष्ट हुई धान व सब्जियों की फसलों को प्रत्यक्ष महसूस किया और नदी के बहाव के साथ ही टूटे हुए बांधों की स्थिति का संज्ञान लिया गया है। दिल्ली सरकार किसानों के दुख-सुख में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है और शीघ्र ही सभी प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाई जाएगी। इस दौरे के दौरान दोनों मंत्रियों के साथ स्थानीय जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, कृषि विभाग, बाढ़ नियंत्रण विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## छात्रा के सामने अश्लील हरकत करने वाला कैब चालक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौरिस नगर इलाके में एक कॉलेज छात्रा के सामने अश्लील हरकत करने के आरोप में 48 वर्षीय कैब चालक को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सोमवार को उस समय हुई जब 22 वर्षीय पीड़िता ने अपने कॉलेज जाने के लिए एक रैपिडो कैब बुक की थी। रास्ते में छात्रा ने चालक को अश्लील हरकत करते देखा, जिसके बाद वह बीच रास्ते में ही गाड़ी से उतर गई और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। घटना को लेकर रैपिडो की ओर से कोई प्रतिक्रया नहीं आई है।

डीसीपी उत्तरी जिला राजा बांठिया ने कहा कि चालक ने शिकायतकर्ता को आगे की सीट पर बैठने के लिए कहा और फिर अनुचित व्यवहार करने लगा। उन्होंने कहा कि छात्रा तुरंत सतर्क हो गई और क्रांति चौक पर तैनात कुछ पुलिसवालों को देखा तो उसने शोर मचा दिया। जब तक पुलिसवाले कैब तक पहुंचे, चालक भाग चुका था। बाद में हमने रैपिडो से उसकी जानकारी हासिल की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बेंगलुरु की रहने वाली यह महिला दो महीने पहले ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के बाद दिल्ली आई थी। महिला ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह उसे अपनी कक्षाओं के लिए देर हो रही थी, इसलिए उसने कैब बुक की थी। ऐप पर अनुमानित आगमन समय 10 मिनट दिखा रहा था, लेकिन ड्राइवर ने उसे फोन करके यात्रा रद्द न करने का अनुरोध किया और उसे आश्वस्त किया कि वह रास्ते में है। पुलिस के अनुसार जब वह कैब में बैठी तो शंकर ने पहले उसे आगे की सीट पर बैठने के लिए कहा था। लेकिन छात्रा ने मना कर दिया और पीछे की सीट पर बैठ गई। पुलिस ने बताया कि उसने कथित तौर पर उसे छूने की कोशिश की और जल्द ही गाड़ी चलाते समय अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के विरोध करने और शोर मचाने के बावजूद ड्राइवर ने तुरंत गाड़ी नहीं रोकी। कुछ दूरी तय करने के बाद उसने कैब रोकी जहां छात्रा गाड़ी से उतरकर भागी। पीड़िता की लिखित शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई और मल्कागंज निवासी शंकर को गिरफ्तार कर लिया गया। कैब भी जब्त कर ली गई है।

#### सेवादार की हत्या के बाद कालकाजी मंदिर में बढ़ाई गई सुरक्षा

नई दिल्ली। कालकाजी मंदिर में गत दिनों हुई सेवादार की हत्या के बाद एहतियातन मंदिर प्रशासन के अनुरोध पर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। यह फैसला आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुये लिया गया है। नवरात्रि से पहले हुई इस घटना के कारण लोगों की चिंता बढ़ गई थी। मिली जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर और उसके आसपास अर्धसैनिक बलों के जवानों सहित अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस चौकियों और गश्ती दल को भी सक्रिय किया गया है। गौरतलब है कि सेवादार योगेंद्र सिंह की 29 अगस्त की रात मंदिर के बाहर कुछ लोगों ने पीट पीटकर हत्या कर दी थी। घटना का वीडियो भी सामने आया था। इस हत्या के सिलसिले में पुलिस ने अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## किराड़ी झगड़े और हत्या को लेकर पुलिस ने दर्ज किये दो केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रेम नगर थानाक्षेत्र के किराड़ी में मंगलवार शाम हुये झगड़े और हत्या को लेकर पुलिस ने दो क्रॉस केस दर्ज करने की बात कहीं है। झगड़े में दो से तीन लोग घायल हुये थे। बाद में एक शख्स की अस्पताल में मौत हो गई थी। मरने वाले शख्स सुनील कुमार का कसूर सिर्फ इतना था कि वह अपनी पत्नी के साथ झगड़े में बीच बचाव करवाने पहुंचा था। पुलिस का कहना है कि ए-ब्लॉक, प्रेम नगर पार्ट 3, किराड़ी में हुई झगड़े की घटना रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई थी। पूछताछ में पता चला कि कृष्ण कुमार धनखड़ (डेयरी मालिक) ने जनवरी 2024 में अजय और उसके पिता आनंद कुमार के माध्यम से राजकुमार को 2.5 लाख रुपये दिए थे। बाद में राजकुमार फरार हो गया था। मंगलवार को जब कृष्ण कुमार ने उसे खोज लिया तो अजय और आनंद कुमार के घर पर एक बैठक हुई। इसमें झगड़ा हो गया था। सुनील कुमार नामक एक पड़ोसी और उसकी पत्नी मामले को शांत करने के लिए बीच में आए लेकिन इसके बाद झगड़ा और भड़क गया। सुनील कुमार (42) और आनंद कुमार (60) को चोटें आई थी। दोनों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में सुनील कुमार को महाराजा अग्रसेन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था।

मृतक सुनील की पत्नी के बयान पर अजय, उसके पिता आनंद कुमार, मां सुमित्रा और चाची पुष्पा द्वारा मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रेम नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। तीन आरोपियों पुष्पा, सुमित्रा और आनंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरी ओर घायल आनंद कुमार द्वारा दिए गए बयान से पता चला कि कृष्ण धनखड़, उनकी पत्नी गीता देवी और बेटे हिमांशु उर्फ मोनू ने उन पर लाठियों से हमला किया था। इस संबंध में भी एक और मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों कृष्ण धनखड़, गीता देवी और हिमांशु उर्फ मोनू को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों मामलों की जांच जारी है।

## काला जटेड़ी गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने काला जठेड़ी गिरोह से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से पुलिस ने अवैध हथियार भी बरामद किये हैं। इन्हें सबोली बॉर्डर के पास से पकड़ा गया। उस समय दोनों आरोपी नरेला की प्रेम कॉलोनी में एक पानी के प्लांट को लेकर हुए विवाद में एक शख्स को खत्म करने जा रहे थे। पुलिस के इस समय पर हस्तक्षेप ने एक गंभीर अपराध को टल गया। पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ को स्थानीय अपराधियों द्वारा कुख्यात काला जठेड़ी गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर नरेला निवासी व्यक्ति को पानी के प्लांट के स्वामित्व विवाद में खत्म करने की साजिश रचे जाने के संबंध में विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी। पुलिस ने निगरानी शुरू की और दिल्ली के सबोली बॉर्डर के पास एक मोटरसाइकिल को रोका। सवार की पहचान अक्षत खत्री उर्फ अक्षु के रूप में हुई। उसके पास से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान साहिल खत्री के रूप में हुई। उसके पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में नरेला थाने में केस दर्ज किया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्या : 42/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी) पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, कार्य का विवरण:** इज्जतनगर मण्डल के लालकुओं-काशीपुर अनुभाग में पी.एस.सी. स्लैब का उपयोग करेके वेल फाउण्डेशन पर बृहत पुल संख्या 68 (5x12.20 मीटर) एवं पुल संख्या 92 (6x12.20 मीटर) का विनिर्माण कार्य। **अनुमानित लागत रूपयो में:** ₹27,42,75,534.19, **बयाना राशि रूपयो में:** ₹ 15,21,400, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ 00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह, **नोट:** 1. ई-निविदा दिनांक: 03.10.2025, को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे, 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधव (इंजी0) इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-256

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध आतंकी पकड़े गये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली पुलिस और झारखंड एटीएस की संयुक्त कार्रवाई

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और रांची पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बोकारो के रहने वाले मुख्य आरोपी अशर दानिश को रांची से गिरफ्तार किया गया है। वह इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक मॉड्यूल से संबंधित दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज मामले में वांछित था। दिल्ली पुलिस के अनुसार सभी टीमों द्वारा एक साथ की गई समन्वित कार्रवाई के दौरान दूसरे संदिग्ध आफताब को दिल्ली से पकड़ा गया। अभियान से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि विभिन्न राज्यों से पांच से छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और संयुक्त दल उनकी भूमिका की जांच कर रहा है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि दोनों इस्लामिक स्टेट से प्रेरित नेटवर्क के अन्य सदस्यों के संपर्क में थे और भारत में आतंकी संगठन के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाली गतिविधियों में शामिल थे। दानिश कई महीनों से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था।

#### सिग्नेचर ब्रिज से यमुना में कूदी महिला

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज से बुधवार सुबह एक महिला यमुना नदी में कूद गई। घटना के बारे में सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस को सूचना मिली थी।



इसके बाद दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। साथ ही बोट क्लब के मेंबर गोताखोरों के साथ पहुंचे और तलाश और बचाव अभियान शुरू किया। लेकिन कई घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद भी महिला का कुछ पता नहीं चल पाया। महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कहा कि ज्यादा जानकारी जुटाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **एम. के. शर्मा** सेल प्रोपराईटर ऑफ फर्म **निवासी:** G-134, गाज़ीपुर गाँव, दिल्ली ने **FIR No. 4184/2021 U/s 138 NI Act थाना: नार्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **एम. के. शर्मा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **एम. के. शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 4184/2021 U/s 138 NI Act थाना: नार्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **एम. के. शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी-03, (उत्तर–पश्चिम), कोर्ट नं. 107
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12003/RD/2025
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C./ 84 BNNS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रितिका कुमारी उर्फ शिखा, पुत्री:** सुनील कुमार सिंह, **पता:** वी–204, शकरपुर, दिल्ली, **और भी:** गांव सुपना, मुज्जफरपुर, बिहार, ने **Case FIR No. 539/2022, U/s 448/34 IPC,** थाना: **शकरपुर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रितिका कुमारी उर्फ शिखा,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रितिका कुमारी उर्फ शिखा,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 539/2022, U/s 448/34 IPC,** थाना: शकरपुर, **दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **रितिका कुमारी उर्फ शिखा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट न. 03, पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/12097/ED/2025
(Court Matter)

### दिल्ली सचिवालय में वर्षों बाद एनिमल वेलफेयर बोर्ड की हुई बैठक

# 10 लाख स्ट्रीट डॉग्स को लगाई जाएगी माइक्रोचिप: कपिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- हर जिले में बनेगी एनिमल वेलफेयर कमेटी, शिक्षा विभाग के साथ जागरूकता अभियान होगा शुरू

दिल्ली सरकार अगले दो वर्षों में यूएनडीपी के साथ मिलकर दिल्ली के लगभग 10 लाख स्ट्रीट डॉग्स को माइक्रोचिप लगाई जाएगी। यह बात दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में बुधवार को दिल्ली एनिमल वेलफेयर बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में विकास आयुक्त शूरबीर सिंह के साथ ही पशुपालन विभाग, एनडीएमसी, एमसीडी तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी विश्व रेबीज दिवस को ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया कि दिल्ली में रेबीज नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जाएंगे। इसके अंतर्गत डॉग्स को माइक्रोचिप लगाना, डॉग बाइट मामलों की रोकथाम और टीकाकरण प्रक्रिया का डिजिटलीकरण जैसे अहम कदम शामिल होंगे। इस दौरान माइक्रोचिप के माध्यम से दिल्ली में रेबीज नियंत्रण और कुत्तों की जनसंख्या प्रबंधन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री कपिल ने निर्देश दिया कि जल्द ही डॉग सेंसस और मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया जाए ताकि सटीक आंकड़े मिल सकें और भविष्य की कार्ययोजनाएं मजबूत हो सकें।

बैठक का एक महत्वपूर्ण एजेंडा प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से भी जुड़ा रहा। इसमें दिल्ली एडवाइजरी बोर्ड फॉर एनिमल वेलफेयर से दिल्ली एनिमल वेलफेयर बोर्ड को फंड ट्रांसफर करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही, बोर्ड की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए स्टैंडिंग कमेटी और अन्य उप-समितियों के गठन, नए स्टाफ की भर्ती और बोर्ड की विभिन्न पहलों पर व्यय की स्वीकृति देने पर सहमति बनी। पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूल स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, बोर्ड के सदस्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति देने पर भी सहमति बनी। बैठक में तय किया गया कि दिल्ली में जल्द ही एक एनिमल मार्केट मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा ताकि पशु बाजारों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। कपिल मिश्रा ने कहा कि पिछली सरकार के समय कई सालों तक एनिमल वेलफेयर बोर्ड की बैठक नहीं हुई थी। आज बोर्ड की तमाम मांगों को लेकर यह बैठक हो रही है। दिल्ली में पशुओं से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उनका निवारण जल्द किया जाएगा। बोर्ड को समुचित फंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि पशुओं के कल्याण की दिशा में तेजी से काम हो सके। साथ ही, हर जिले के स्तर पर एनिमल वेलफेयर की कमेटियां बनाई जाएंगी।

Propel Your

# Class 10th Child Towards Future Success with ALLEN DELHI




Your Launchpad to JEE/NEET Excellence!

## XAT

XENON ADMISSION TEST

For Class 10 Students

21st September 2025

## From Class 10th to Top Ranks: Give your child the competitive edge with ALLEN Delhi's XENON batch!

### The XENON Batch Advantages

**Race to the Top**
Secure an early start for JEE/NEET 2028 with advanced preparation

**Elite Performer Pool**
Chance to get shortlisted for SRG (Special Rankers' Group) aiming for top ranks

**Lead the Pack**
Gain a critical 2-month edge over nationwide competition


**Premium Facilities**
Priority access to Kohinoor Hostel, toppers' haven for focused academic excellence

**Olympiad Excellence**
Intensive training for International Olympiads alongside JEE/NEET prep

**Power Boost**
Exclusive workshops for Astronomy, Biology, Class 10th boards & bridge course

**Rewards & Recognition**
Excellent cash prizes for top performers

### Inspire your Child to Join the League of Delhi's Future Toppers



NEET (UG) 2025

| AIR | Name | Course | Institute |
|---|---|---|---|
| AIR 4 | Mrinal Kishore Jha | Classroom course | AIIMS, Delhi |
| AIR 81 | Shirin Gupta | Classroom course | VMMC, Delhi |
| AIR 104 | Vivek Kumar | Classroom course | AIIMS, Delhi |
| AIR 105 | Sukrit Sharma | Classroom course | VMMC, Delhi |
| AIR 107 | Bhavhya Jayna | Classroom course | MAMC, Delhi |

JEE (Adv.) 2025

| AIR | Name | Course | Institute |
|---|---|---|---|
| AIR 84 | Saumy Maliwal | Classroom course | IIT, Delhi |
| AIR 111 | Samriddh Dahiya | Classroom course | IIT, Delhi |
| AIR 128 | Parsewar D. Sunil | Classroom course | IIT, Bombay |
| AIR 209 | Pratham Jain | Classroom course | IIT, Delhi |
| AIR 220 | Ram Singhal | Classroom course | IIT, Bombay |

GET UP TO **90% SCHOLARSHIP**

- Early bird fee advantage
- Cash prizes
- Admission to **XENON Advance batch** (for JEE Main+Adv./ NEET-UG preparation & International Olympiads)

Registration Fee: ₹ 100

Scan to register

*T&C APPLY.

**XENON batch starts in early December 2025**

Batch commencement date will be announced in Oct. 2025. Classes will be held till 1st week of Feb. 2026 & will resume again after class 10th Board exam

**ALLEN DELHI STUDY CENTRES**
Dwarka | Faridabad | Ghaziabad | Gurugram | Janakpuri | Kalu Sarai | Lajpat Nagar | Malviya Nagar
Noida (U.P.) | Greater Noida West | NSP | Preet Vihar | Punjabi Bagh | Rewari
95136-85900 | allen.ac.in/delhi

**ALLEN KOTA**
0744-3556677
allen.ac.in

**ALLEN ONLINE**
95137 36499
allen.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment for the students to prepare for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examinations. Selection also depends on other factors like preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All the students mentioned here were enrolled on full-time paid courses.

## खबर संक्षेप

### अभी तक पुराना निर्माण नहीं टूटा, नया कैसे होगा



**गाजियाबाद।** रेलवे स्टेशन के विकास की रफ्तार इतनी धीमी है कि काम पूरा करने की मियाद पूरी होने के बावजूद भी कार्यदायी संस्था किसी भी प्लेटफॉर्म पर अभी तक काम शुरू नहीं करा सकी। मौजूदा काम की गति देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर और विजयनगर साइड में भवनों का काम पूरा होने में ही अभी ढाई से तीन साल और लगेंगे। इसको हटाने में 6 माह का समय लगेगा। निर्माण कार्य कब शुरू होगा और कब पूरा होगा, इसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है।

### दुष्कर्म मामले में आरोपी को कोर्ट ने दिया दोषी करार



**गाजियाबाद ।** कोर्ट ने वर्ष 2017 में साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को सुनवाई के बाद दोषी करार दिया है। सजा के प्रश्न पर 12 सितंबर को सुनवाई होगी। विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि मामला साहिबाबाद थाना क्षेत्र का है। यहां के एक मोहल्ले में नाबालिग लड़की अपने परिवार के साथ रहती है। पड़ोस में रहने वाला सुनील कुमार यादव नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया । नाबालिग लड़की ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने सुनील यादव के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

### स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने बुधवार को एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 220 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। अंतराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक का मूल्य 40 लाख रुपए से ज्यादा है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान व अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली जिस महिला को गिरफ्तार किया है, उसका नाम ज्योति निवासी लाल क्वार्टर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक है। उसे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्ता से पूछताछ करने पर बताया कि मैं चोरी छिपे दिल्ली से स्मैक लेकर आती हूं।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत का जादू विषय पर कार्यशाला का किया आयोजन

## कार्यक्रम का शुभारंभ राग यमन की प्रस्तुति और पारंपरिक बंदिश मैं वारी वारी जाऊंगी से हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत की शुद्धता, सौंदर्य और उसकी भावनात्मक गहराई से परिचित कराने के लिए प्रख्यात संगीतज्ञ एवं स्वर तृष्णा के संस्थापक सुधांशु बहुगुणा द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत का जादू विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति व शास्त्रीय संगीत प्रेमी शामिल हुए। गायन में सुधांशु बहुगुणा का साथ तबला पर राघव राजा, हारमोनियम पर कौशल किशोर झा तथा तानपूरा पर करण राय और सृष्टि सिंह ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राग यमन की प्रस्तुति और पारंपरिक बंदिश मैं वारी वारी जाऊंगी से हुआ। सुधांशु बहुगुणा ने बच्चों को आरोह-अवरोह और चलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**खास बातें**

- हजारों बच्चों को संगीत की शिक्षा दी
- लय व नाद की गहनता को सहज ढंग से समझाया
- बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जिनका उत्तर उन्होंने सहज और प्रेरक ढंग से दिया



**पद्मश्री कैलाश खैर उनके ही शिष्य हैं**

गुजराती भजन वैनिश जन तो के माध्यम से करुणा और विनम्रता का संदेश दिया गया। उन्होंने सप्त स्वर, कोमल-तीव्र स्वर, समय सिद्धांत, ध्रुपद से लेकर खयाल तक की परंपरा का परिचय कराया और लय व नाद की गहनता को सहज ढंग से समझाया। उनका कहना है कि संगीत केवल सुनने की वस्तु नहीं, अपितु अनुशासन, एकाग्रता और जीवन में संतुलन का साधन है। उन्होंने बच्चों को नियमित अभ्यास, धैर्य और समर्पण के साथ संगीत को आत्मिक आनंद का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जिनका उत्तर उन्होंने सहज और प्रेरक ढंग से दिया। उन्होंने हजारों बच्चों को संगीत शिक्षा दी है, जो आज देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। पद्मश्री कैलाश खैर उनके ही शिष्य हैं।

## सूरजकुंड में लगेगा भव्य दिवाली मेला, 2 से 7 अक्टूबर तक रहेगा

# दीवाली मेला होगा स्थानीय कलाकारों और व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर : डॉ. शालिन

*सजावटी सामान और गिफ्ट आइटम्स होंगे मेले के खास आकर्षण, मेले में कलर कोडेड ज़ोन से खरीदारी होगी आसान, डिजिटल टिकटिंग से होगी प्रवेश प्रक्रिया आसान और सुरक्षित, छात्रों के लिए विशेष रियायतः 50 प्रतिशत छूट पर टिकट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद में दीपावली पर्व के अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए सूरजकुंड में भव्य दीवाली मेला हम परिवारों को जोड़ते है थीम पर आयोजित किया जाएगा। यह मेला न केवल लोगों के लिए उत्सव और मनोरंजन का अवसर बनेगा, बल्कि स्थानीय व्यापार, संस्कृति और कला को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच भी साबित होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए पर्यटन विभाग के निदेशक डॉ. शालिन ने बताया कि दिवाली मेला 2 से 7 अक्टूबर 2025 तक छह दिन चलेगा। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन में सुरक्षा, सुविधा और समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।





### सजावटी सामान और गिफ्ट आइटम्स होंगे मेले के खास आकर्षण

पर्यटन विभाग के निदेशक डॉ. शालिन ने बताया कि सूरजकुंड में आयोजित होने वाले दिवाली मेले में लगभग 500 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इन स्टॉलों पर आभूषण परिधान, फैशन एक्सेसरीज़, बुक्स, स्टेशनरी, बीमा सेवाए, प्राकृतिक पौधे, गिफ्ट आइटम्स, घरेलू सजावटी सामग्री, खिलौने, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और आर्ट एंड कल्चर से जुड़ी वस्तुएँ उपलब्ध होंगी।

### मेले में कलर कोडेड ज़ोन से खरीदारी होगी आसान

डॉ. शालिन ने बताया कि प्रत्येक जोन को अलग-अलग रंगों के आधार पर कलर कोड किया जाएगाए जिससे आगंतुकों को अपनी पसंद के स्टॉल तक पहुंचने में आसानी होगी। उदाहरण स्वरूप, पीले रंग का जोन खाद्य वस्तुओं के लिएए बैंगनी रंग का जोन परिधानों के लिए और अन्य रंग विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित किए जाएंगे।

### म्यूजिकल शो, नृत्य और फैशन शो होंगे मेले का खास आकर्षण

डॉ. शालिन ने बताया कि सूरजकुंड में आयोजित होने वाले भव्य दिवाली मेले में आगंतुकों के मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेले में प्रतिदिन शाम 6 बजे से आकर्षक म्यूजिकल शोए नृत्य प्रस्तुतियां, गायन और फैशन शो आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित कर सकें। साथ ही दर्शकों को विविधता से भरपूर सांस्कृतिक अनुभव उपलब्ध कराया जाएगा।

### ग्रामीण विकास संगठनों और रोटरी क्लब का मेले में सक्रिय सहयोग

डॉ. शालिन ने बताया कि इस मेले के सफल आयोजन में ग्रामीण विकास संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटीज़ और रोटरी क्लब जैसी सामाजिक संस्थाओं का भी सक्रिय सहयोग लिया जाएगा। इन संस्थाओं की भागीदारी से मेला अधिक संगठित और सुरक्षित रूप से संपन्न होगा। बैठक में एडीसी सतबीर मान, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### डिजिटल टिकटिंग से होगी प्रवेश प्रक्रिया आसान और सुरक्षित, छात्रों के लिए विशेष रियायतः 50 प्रतिशत छूट पर टिकट

डॉ. शालिन ने बताया कि टिकटिंग प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी। ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रत्येक टिकट पर क्यूआर कोड आधारित स्कैनिंग प्रणाली लागू होगी। इससे न केवल पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि आगंतुकों को भी प्रवेश में आसानी होगी। मेले में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष रियायत योजना रखी गई है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। डॉ. शालिन ने कहा कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने बताया कि मेले में आने वाले आगंतुकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए पूरे मेले क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरेए अलार्म सिस्टम और नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए डिस्पेंसरी और एम्बुलेंस सेवाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही सुरक्षा और सेफ्टी के साथ-साथ स्वच्छता और सैनिटेशन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। मेले क्षेत्र में पर्याप्त पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे ताकि आगंतुकों को सुविधा हो और यातायात में किसी प्रकार की बाधा न आए। मीडिया प्रतिनिधियों के लिए अलग से मीडिया पास और एंट्री गेट की व्यवस्था की जाएगी।

## परिजनों ने सरकार से लगाई सुरक्षा की गुहार

# नेपाल में उग्र आंदोलनः गाजियाबाद के 4 पर्यटक फंसे, काठमांडू के होटल में रुके हैं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नेपाल ने चल रही हिंसा में गाजियाबाद के चार पर्यटक फंस गए हैं। चारों पर्यटक नेपाल के काठमांडू में घूमने के लिए गए थे। फ्लाइट कैंसिल होने की वजह से चारों लोग काठमांडू के एक होटल में रुके हुए है।

बिगड़े हालात के कारण उन्हें भारत आने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने और उनके परिजनों ने भारत सरकार से नेपाल में फंसे लोगों को लाने के लिए और उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है। ये चारों इन्दिरपुरम के रहने वाले हैं। इनमे उमेश शर्मा उनकी पत्नी संगीता शर्मा और दोस्त राजकुमार अरोड़ा और उनकी पत्नी ममता अरोड़ा हैं। ये लोग 6 सितंबर को गाजियाबाद से नेपाल घूमने के लिए गए थे।

उनके परिजनों के मुताबिक गाजियाबाद के चारों पर्यटक नेपाल के काठमांडू स्थित बरही होटल में रुके हुए हैं। इन पर्यटकों का गाजियाबाद में अपने परिजनों के साथ हुए संपर्क के बाद पता चला है कि सरकार ने सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी । जिसकी वजह से चारों पर्यटक काठमांडू स्थित बरही होटल में फंसे हुए।

# राज्यसभा उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने मानव रचना में एडवोकेसी पत्रकारिता पर पुस्तक का अनावरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

राज्यसभा के उपाध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह ने आज मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में हैरिवंश एक्सपेरिमेंट विद एडवोकेसी जर्नलिज़्म, फ्रॉम एड्स टू एक्शन, वड्र्स टू चेंज पुस्तक का अनावरण किया। इस अवसर पर छात्रों, मीडिया पेशेवरों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने एडवोकेसी पत्रकारिता की बदलती भूमिका और समाज पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। अपने संबोधन में हरिवंश नारायण सिंह ने सामाजिक एडवोकेसी पत्रकारिता में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब हमने पत्रकारिता की यात्रा शुरू की थी, तब संसाधन नहीं थे और हमारे अखबार का भविष्य भी अनिश्चित था। फिर भी, दृढ़ निश्चय, रचनात्मकता और लगातार प्रयास के माध्यम से हमने पाठकों तक पहुंचने और सार्थक प्रभाव डालने के तरीके खोजे।

आज की तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में एल्विन टॉफलर ने सही कहा है कि जो पढ़ना और लिखना नहीं जानते, वे अप्रचलित हो जाएंगे। लेकिन यह केवल साक्षरता तक सीमित नहीं है।

# युवा नेता सचिन ठाकुर बने फरीदाबाद भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

## *मुख्यमंत्री सैनी सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद के युवा भाजपा नेता सचिन ठाकुर को भाजपा हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ से विचार-विमर्श कर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा (योगी) ने दी है।

सचिन ठाकुर इससे पहले भाजपा युवा मोर्चा में जिला मंत्री, जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री रहे चुके है और वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व निभा रहे है और लगातार पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुए है। उनकी इसी कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।



अपनी नियुक्ति पर सचिन ठाकुर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पं. मोहनलाल बड़ौली, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा (योगी), कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर, राज्य मंत्री गौरव गौतम, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल सहित सभी नेताओं का आभार जताया है। सचिन ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चौतरफा विकास हो रहा है और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की झड़ी लगी हुई है।

प्रदेश सरकार किसान, मजदूर, युवा, महिलाओं की हितैषी सरकार है। मेरा प्रयास रहे की मैं केन्द्र व राज्य सरकार की रीति-नीति को घर-घर तक पहुंचाऊंगा और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करूंगा।

## न्यूरोलॉजी क्षेत्र में उपलब्धि हासिल

# अमृता अस्पताल बना न्यूरोलॉजी का केंद्र, 30 से अधिक डीबीएस सर्जरी सफल हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने न्यूरोलॉजी क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक 30 से अधिक डीप ब्रेन स्टिम्युलेशन सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं।

डीबीएस तकनीक पार्किंसंस, डिस्टोनिया और एसेन्शियल ट्रेमर जैसे गंभीर मूवमेंट डिसऑर्डर्स के मरीजों के जीवन को सुधारने में मदद करती है। डीबीएस प्रक्रिया में मस्तिष्क के विशेष हिस्सों में इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित किए जाते हैं, जो असामान्य विद्युत संकेतों को नियंत्रित करते हैं। यह तकनीक



लक्षणों को कम कर मरीजों को आत्मविश्वास और स्वतंत्रता प्रदान करती है। डॉ. संजय पांडे हेड ऑफ न्यूरोलॉजी ने कहा कि डीबीएस मरीजों और उनके परिवारों के लिए जीवन बदलने वाला विकल्प है। डॉ. आनंद बालसुब्रमण्यम, एचओडी न्यूरो सर्जरी ने बताया कि यह सर्जरी विज्ञान और सटीकता का उदाहरण है, जो मरीज को सामान्य जीवन जीने का अवसर देती है।

# पंजाब किंग्स ने केट्टो और ग्लोबल सिख चैरिटी के साथ मिलकर शुरू किया आपातकालीन बाढ़ राहत अभियान

## *अभियान का उद्देश्य प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाना*

**भारत और दुनिया भर के लोगों से आगे आने और पंजाब की मदद करने का आग्रह किया है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पंजाब में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ ने हजारों परिवारों को प्रभावित किया है, जिनके पास अब न भोजन है, न आश्रय और न ही आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं। इस संकट की घड़ी में, आईपीएल टीम पंजाब किंग्स ने केट्टो और ग्लोबल सिख चैरिटी के साथ साझेदारी करते हुए एक विशेष फंडरेजर अभियान शुरू किया है।

इस अभियान का उद्देश्य है प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाना, जिसमें भोजन, दवाइयां, अस्थायी आवास और पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन शामिल हैं। इस फंडरेजर के माध्यम से, केट्टो, पंजाब किंग्स और ग्लोबल सिख चैरिटी ने भारत और दुनिया भर के लोगों से आगे आने और पंजाब की मदद करने का आग्रह किया है। इस फंडरेजर का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को आवश्यक वस्तुओं जैसे कि भोजन, चिकित्सा सहायता, आवास और अन्य संसाधनों के साथ पुनर्निर्माण में मदद करना है। केट्टो के सीईओ और सह-संस्थापक वरुण शेठ ने कहा, केट्टो में हमारा विश्वास है कि सामूहिक करुणा से बड़ी से बड़ी आपदा का सामना किया जा सकता है। पंजाब किंग्स और ग्लोबल सिख चैरिटी के साथ मिलकर यह पहल सिर्फ धन जुटाने की नहीं है यह जीवन को फिर से संवारने, एक ऐसा अवसर जिसमें हर योगदान एक जीवनरेखा बन सकता है। पंजाब किंग्स, ग्लोबल सिख चैरिटी और केट्टो के सहयोग से, हर दान उन परिवारों तक पहुँचेगा जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## विधायकों की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों को दिया ज्ञापन पत्र

# निगम सफाई कर्मचारियों ने विधायकों को सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

11 सप्ताह के सफाई अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द करने के विरोध में तथा सफाई के उपकरण व सुरक्षा उपकरण व संसाधन उपलब्ध करवाने व रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने को लेकर बुधवार को प्रदेश के सभी पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों के कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के विधायकों के आवास पर विरोध प्रदर्शन करते हुए संघ ने मांगों व समस्याओं का ज्ञापन पत्र उनके प्रतिनिधिओं को सौंपा। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर बुधवार फरीदाबाद की तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः एनआईटी-86 के विधायक सतीश फागना के प्रतिनिधि एवं छोटे भाई कविन्द्र चौधरी, बड़खल-87 के विधायक धनेश अदलक्खा के पीए और बल्लभगढ़ क्षेत्र के विधायक मूलचंद शर्मा के बड़े भाई पं. टिपरचंद शर्मा शामिल रहे।

प्रदर्शनों का नेतृत्व नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल



चिंडालिया एवं सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर बालगुहेर एवं संघ राज्य सचिव व सीवरमैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया कर रहे थे। इन सभी नेताओं ने अपने-अपने संबोधनों में कहा कि सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ धोखा कर रही है, हरियाणा कौशल रोजगार के नाम पर 90 दिनों से कम दिनों के लिए आरडब्ल्यूए व एनजीओ के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को लगाने का प्रयास किया जा रहा है, सरकार ने इस अभियान को चलाने से पहले अधिकारियों को सभी उपकरण संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए वित्तीय अधिकार दे दिए थे लेकिन सफाई अभियान के दो हफ्ते बीतने के बाद भी सफाई कर्मचारियों को किसी प्रकार का कोई उपकरण व संसाधन उपलब्ध नहीं हुए है और नकली भर्ती के नाम पर केवल ड्रामा किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है की सफाई अभियान केवल सरकार के लिए जनता में अपनी छवि साफ करने का अभियान है न की प्रदेश से गंदगी को साफ करना।

लंबे समय से प्रदेश के शहरों में कूड़ा जमा है जिसको छुपाया जा रहा है। शहर से बाहर ले जाकर कूड़े का निपटान नहीं किया जा रहा है और सफाई अभियान के नाम पर राजनेता अधिकारी एवं अन्य लोग प्रिकॉशन के साथ केवल प्रेस कवरेज के लिए वीडियो फोटो बनवाते नजर आते हैं।

## शिकायत पर महापौर का एक्शन

# इंदिरापुरम शिप्रा सन सिटी रोड पर चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

हाल ही में इंदिरापुरम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से गाजियाबाद नगर निगम को हस्तांतरित हुआ है जिसमे सबसे अधिक शिकायते अतिक्रमण की आ रही है ।

पूर्व में भी नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया गया था और ऐसे ही हाल ही महापौर सुनीता दयाल के पास शिप्रा सन सिटी रोड पर नाले के ऊपर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी जिसको लेकर महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि उपरोक्त अतिक्रमण पर कार्यवाही होनी चाहिए ओर इसी में बुधवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी अन्य अधिकारियों एवं स्थानीय पार्षद के साथ मिलकर लगभग 15 वर्ष पुराना अतिक्रमण हटवाया है। महापौर ने बताया कि पूर्व में भी इंदिरापुरम में अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होती रही है इंदिरापुरम में रेहड़ी पटरी, खोके आदि बड़ी मात्रा में लगाये हुए हैं और कई स्थानों पर पूरी रात सामान बेचा जाता है। महापौर से कुछ रोज पहले इंदिरापुरम में पार्टी की महिलाओं के द्वारा अतिक्रमण की शिकायत की गई थी ।

## रेखा गुप्ता किया इहबास अस्पताल का निरीक्षण

# ‘इहबास अस्पताल में वर्ष 2012 से नहीं है एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यमुनापार स्थित दिलशाद गार्डन क्षेत्र में बने इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (इहबास) अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें पता चला कि अस्पताल में वर्ष 2012 से अब तक एक भी एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन नहीं है। इस बात से हैरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इसी वित्त वर्ष में अस्पताल में सभी सभी चिकित्सीय व प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने औचक निरीक्षण के दौरान मरीजों व उनके परिजनों से उनकी समस्याएं सुनीं।



निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जब पता चला कि एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन न होने के साथ साथ इहबास अस्पताल में एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड की भी सीमित सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि इहबास को दिल्ली बल्कि पूरे भारत और उत्तरी एशिया का प्रमुख न्यूरो और मानसिक स्वास्थ्य उपचार केंद्र माना जाता है और यहां रोजाना ओपीडी में ढाई से तीन हज़ार मरीज इलाज के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि अस्पताल में केवल दस वेंटिलेटर बेड ही मौजूद हैं, जबकि जरूरत कहीं अधिक है। इतने सीमित संसाधनों के बावजूद डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ अपने दायित्वों का निर्वाह गंभीरता से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में बिना एमआरआई जैसी आवश्यक मशीनों के डॉक्टर काम कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में भी मरीजों को देखना और उनकी समस्याओं का समाधान करना वास्तव में बड़ा कार्य है। इसमें मेडिकल टीम की कोई कमी नहीं, बल्कि अब तक सरकारों का समर्थन इस अस्पताल को नहीं मिला। इतने नामी अस्पताल में मात्र 317 बेड हैं।

### अस्पताल की नई इमारत का निर्माण शीघ्र किया जाए शुरू

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की इस अस्पताल की नई इमारत का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाए। इहबास अस्पताल के पास 111 एकड़ जमीन है, जबकि उसकी 20 प्रतिशत जमीन ही अस्पताल के लिए उपयोग में लाई जा रही है। मुख्यमंत्री अनुसार यहां अस्पताल की विशाल इमारत के अलावा सुविधाओं से भरपूर ओपीडी के अलावा अन्य प्रकार की फैकल्टी भी बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही अस्पताल की सारी चिकित्सीय और प्रशासकीय कमियों को पूरा कर दिया जाएगा। इनमें एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी सभी आवश्यक मशीनें व अन्य उपकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्टाफ की कमी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## डीडीए की नई जनसाधारण आवासीय योजना 2025, आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) आज 11 सितंबर 2025 से आम लोगों लिए नई जनसाधारण आवासीय योजना 2025 का शुभारंभ करने जा रहा है। इस योजना में करीब 1172 ईडब्ल्यूएस व जनता फ्लैट शामिल किए गए है। इस योजना के तहत आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा जिसके रजिस्ट्रेशन चार्ज केवल 2,500 रुपये रखा गया है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह योजना दिल्ली में आम लोगों को किफायती फ्लैट्स उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस मौके का फायदा उठाने के लिए इच्छुक आवेदक डीडीए के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 11 सितंबर से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद 22 सितंबर से फ्लैट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और आखिरी तारीख 21 दिसंबर 2025 तय की गई है। ईडब्ल्यूएस व जनता फ्लैट की बुकिंग राशि 50 हजार रुपये रखी है। योजना के तहत आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन चार्ज 2,500 रुपये रखा गया है। पहले से पोर्टल पर रजिस्टर्ड आवेदकों को यह चार्ज नहीं देना होगा। इसके लिए परिवार की एनुअल इनकम 10 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए तथा आवेदक की न्यूनतम आयु 18 साल होना जरूरी है। डीडीए ने बताया कि योजना के तहत ईडब्ल्यूएस और जनता कैटेगरी के फ्लैट्स ही उपलब्ध होंगे। यह फ्लैट दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में उपलब्ध होंगे।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया ‘बीजेपी देहली विन मोदी की गारंटी’ पुस्तक का विमोचन

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में भाजपा दिल्ली महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा द्वारा लिखी गई है और प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई पुस्तक ‘बीजेपी देहली विन मोदी की गारंटी’ का विमोचन किया। यह पुस्तक दिल्ली में 27 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व जीत की यात्रा को संजोती है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष, संगठन की मजबूती, जनता का विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को विस्तार से दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि हजारों कार्यकर्ताओं की है, जिन्होंने छोटे से छोटे काम से लेकर बड़े से बड़े दायित्व तक अपनी पूरी निष्ठा और शक्ति झोंक दी। 2015 और 2020 की हार के बाद भी कार्यकर्ताओं ने हिम्मत नहीं हारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान ने दिल्ली की जनता के मन में विश्वास जगाया और इस जीत ने साबित कर दिया कि मेहनत, संगठन और ईमानदारी हमेशा सफल होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं मुख्यमंत्री होकर नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता होकर बोल रही हूं। यह सरकार हर कार्यकर्ता की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है।

## यमुनापार में कांग्रेस ने निकाली वोटर अधिकार यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में बुधवार को यमुनापार में वोट चोरी मुद्दे पर वोटर अधिकार यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर यादव ने दावा किया की हम दिल्ली में चुनाव आयोग की वोट चोरी का पर्दाफाश करेंगे और गरीब लोगों की वोट कटने की साजिश नाकाम करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा सिर्फ एक विधानसभा में वोट चोरी को उजागर करके भाजपा और चुनाव आयोग के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया था। बिहार में एसआईआर के तहत बिहार चुनाव में वोट चोरी की साजिश के खिलाफ निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी को पूरे बिहार की जनता का समर्थन मिला। ऐसे में वहां से जो वोट चोरी के खिलाफ संदेश गया उसी कड़ी में दिल्ली कांग्रेस जनता को वोट चोरी से जागरुक बनाने के लिए सभी जिलों में वोटर अधिकार यात्रा निकालेगी। मुस्तफाबाद विधानसभा में आयोजित अधिकार रैली में यादव के अलावा अन्य नेता मौजूद थे। यादव ने कहा कि मुस्तफाबाद की वोटर अधिकार यात्रा में मौजूद लोगों की मौजूदगी से साबित हो गया है कि भाजपा अपनी लोकप्रियता नहीं वोट चोरी के चलते सत्ता पर काबिज हो रही है। हजारों लोगों का यात्रा के साथ चलना और घरों से निकल कर रिहायशी क्षेत्रों में यात्रा को जो समर्थन मिला उससे साफ हो गया है कि दिल्ली वाले कांग्रेस को लाना चाहते है। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने 11 वर्ष उनके साथ धोखा किया और भाजपा भी सिर्फ उनसे झूठे वादे करके उन्हें धोखा ही दे रही है।

## वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए डीपीसीसी ने किया एनईजीडी के साथ समझौता : सिरसा

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी



मंत्रालय के तहत प्रमुख डिजिटल परिवर्तन इकाई राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह केंद्र-राज्य साझेदारी एनईजीडी को डीपीसीसी के छह मौजूदा पोर्टल्स का विश्लेषण और एकीकरण करने की अनुमति देती है, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग का उपयोग करके वायु गुणवत्ता प्रबंधन में ऐतिहासिक परिवर्तन लाने के लिए प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट (पीओसी) विकसित किया जा सके। एमओयू पर हस्ताक्षर सचिवालय में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में किए गए। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली का भविष्य तत्काल कार्रवाई, नए विचारों और तकनीक-आधारित प्रतिबद्धता की मांग करता है। इस समझौते से एनईजीडी, डीपीसीसी के छह प्रमुख पोर्टल्स का गहन विश्लेषण और सहज एकीकरण करेगा ताकि एकीकृत, डेटा-आधारित प्रदूषण नियंत्रण संभव हो सके। इससे एआई-आधारित पूर्वानुमानित एनालिटिक्स और एडवांस्ड डेटा प्लेटफॉर्म को एकीकृत करके हम प्रदूषण प्रवृत्तियों का पूर्वानुमान करेंगे, हॉटस्पॉट्स की पहचान करेंगे और रीयल टाइम में प्रतिक्रिया देंगे।

## कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ गांव के लिए एमआरसी बैठक में मार्किट रेट हुआ तय

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

- एडीएम और किसान प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में बनी सहमति
- कुतुब गढ़ के लिए 3 करोड़ 50 लाख 32 हजार रूपये प्रति एकड़ रेट निर्धारित
- पंजाब खोड़ के लिए 3 करोड़ 26 लाख 80 हजार रूपये प्रति एकड़ का रेट तय हुआ
- औचंदी में निर्माणाधीन पावर प्लॉट से जुड़ी एचटी लाइन और टॉवर्स का रूका हुआ कार्य अब शुरू हो सकेगा

उत्तर पश्चिम जिला दिल्ली के अतिरिक्त जिलाधीश (एडीएम) और किसान प्रतिनिधियों के बीच बुधवार को हुई मार्किट रेट डिटर्मिनेशन कमेटी की मीटिंग में कुतुब गढ़ और पंजाब खोड़ गांव के लिए कृषि भूमि का रेट तय हो गया। कुतुब गढ़ के लिए 3 करोड़ 50 लाख 32 हजार रूपये प्रति एकड़ और पंजाब खोड़ के लिए 3 करोड़ 26 लाख 80 हजार रूपये प्रति एकड़ का रेट तय हुआ है। रेट पर सहमति के बाद अब औचंदी में निर्माणाधीन पावर प्लॉट से जुड़ी एचटी लाइन और टॉवर्स का रूका हुआ कार्य इन दोनों गांवों में शुरू होने तथा किसानों को मुआवजा राशि मिलने का रास्ता साफ हो गया है।



गौरतलब है कि औचंदी में निर्माणाधीन पावर प्लॉट से जुडी ट्रांसमिशन लाइनों और टावर्स खड़े किये जाने के खिलाफ किसान पिछले करीब डेढ़ वर्ष से आंदोलनरत थे। किसानों की मांग थी कि उनके खेतों में एचटी लाइन ले जाने और टावर्स खड़े करने के बदले मार्किट रेट से मुआवजा दिया जाए। जबकि पावर ग्रिड किसानों को केवल फसल नुकसान की भरपाई ही करने पर अड़ा हुआ था। इसके बाद किसान लामबंद हुए। किसानों ने भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के तहत पावर ग्रिड की मनमानी के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। इसके बाद भारत सरकार के उर्जा मंत्रालय ने पॉलिसी बनाई और किसानों की जमीन का मार्किट रेट तय करने के लिए स्थानीय एडीएम की अध्यक्षता में बैठकों का दौर शुरू हुआ। मार्किट रेट डिटर्मिनेशन कमेटी की बुधवार को कंझावला एडीएम कार्यालय में हुई बैठक में आखिरकार मार्किट रेट पर सहमति बन गई। अब एचटी लाइन से प्रभावित किसानों को बैठक में तय किये गये रेट के आधार पर मुआवजा मिलेगा।

कुतुब गढ गांव के किसानों को 3 करोड़ 50 लाख 32 हजार रूपये प्रति एकड़ और पंजाब खोड़ के लिए 3 करोड़ 26 लाख 80 हजार रूपये प्रति एकड़ के रेट के आधार पर मुआवजा राशि मिलेगी। रेट निर्धारित होने के बाद किसान नेता वीएम सिंह ने कहा कि पावर ग्रिड की मनमानी के खिलाफ यह किसानों की बड़ी जीत है। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा से जुड़े कंवरलाल राणा, महिपाल लांबा, संजय लांबा, चौधरी भूपेन्द्र सिंह राणा,चौधरी जिले सिंह, संदीप लांबा, सतबीर फौजी जगदीश, विकास गुलिया, प्रवीण कुमार ने रेट तय होने पर खुशी जतायी है। किसान प्रतिनिधियों ने उम्मीद जतायी है कि काम शुरू करने से पहले पावर ग्रिड प्रभावित किसानों के मुआवजा राशि प्रदान कर देगा।

## डूसू चुनाव : एबीवीपी के 6 संभावित प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के लिए बुधवार को 6 संभावित उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस सूची में आर्यन मान, दीपिका झा, गोविंद तंवर, कुणाल चौधरी, लक्ष्य राज सिंह और यश डबास के नाम शामिल हैं। इन सभी संभावित प्रत्याशियों ने बुधवार को सफलतापूर्वक अपना नामांकन दाखिल किया। एबीवीपी इन 6 नामों में से 4 उम्मीदवारों को आगामी छात्रसंघ के लिए प्रत्याशी बनाएगी। नाम वापसी के अंतिम दिन यानी 11 सितंबर को केंद्रीय पैनल की घोषणा की जाएगी। एबीवीपी दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रसंघ चुनाव की तिथि 18 सितंबर निर्धारित की है, जबकि परिणाम 19 सितंबर को घोषित किए जाएंगे। एबीवीपी के संभावित प्रत्याशी बीते कई दिनों से प्री-कैंपेनिंग के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों के छात्रों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याएं सुन रहे हैं, जिन्हें एबीवीपी अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। अब तक गूगल फॉर्म के माध्यम से 6 हजार से अधिक छात्रों ने अपनी प्रतिक्रियाएं साझा की हैं, जो यह दर्शाता है कि एबीवीपी वास्तव में आम छात्रों का संगठन है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विकास योजनाओं पर हुई समीक्षा बैठक

# पूर्वी दिल्ली के प्रभारी मंत्री बने डॉ. पंकज सिंह, नियमित करेंगे जनप्रतिनिधियों से संवाद : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों और प्रस्तावों को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। वह नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रखेंगे और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विकास कार्यों की गति तेज करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस विशेष बैठक में इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह, पूर्वी दिल्ली के विधायक, पार्षद एवं सभी सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे रखे, जिनमें पेड़ों की छंटाई, पार्कों का



पुनर्विकास, सड़कों और सीवर की मरम्मत तथा स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और नई लाइट लगाने जैसी स्थानीय आवश्यकताएं आदि शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास परियोजनाओं पर कार्य तत्काल और समयबद्ध तरीके से शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और पार्षद आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी जोर देकर कहा कि कार्यों की प्राथमिकता जनता की तत्काल आवश्यकता और व्यापक जनहित को ध्यान में रखकर तय की जानी चाहिए।

### सांसद, विधायकों और पार्षदों से आग्रह, आपसी समन्वय से करें काम : सीएम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सांसदों, विधायकों और पार्षदों से आग्रह किया की आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने विधायकों और पार्षदों से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव और एस्टीमेट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें समय पर स्वीकृत किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी फाइलों को नियमित रूप से अपडेट किया जाए और ई-फाइल प्रणाली के माध्यम से उनकी स्थिति साझा की जाए, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति तेज करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किये जाने वाले सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) के कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में प्रतिदिन नई योजनाओं की शुरुआत, भवनों का उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## ग्रीन पार्क जोन में सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- उपायुक्त ने मांगे पूरी करने का दिया आश्वासन

दिल्ली नगर निगम के ग्रीन पार्क ज़ोन में सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय मज़दूर एकता यूनियन के बैनर तले विशाल धरना-प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं ग्रीन पार्क ज़ोन की सभी यूनियनों के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह प्रधान ने किया। देवेंद्र प्रधान ने बताया कि धरने में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी शामिल हुए और अपनी 12 सूत्रीय मांगों को मजबूती से रखा। इनमें सस्पेंड किए गए सफाई सैनिकों की बहाली, वर्दी का पैसा, रिटायर कर्मियों के लंबित लाभांश और सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शामिल थे। प्रदर्शन के दौरान निगम उपायुक्त के साथ प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। बैठक में सभी मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई और उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जिन सफाई सैनिकों को निलंबित किया गया है उन्हें वापस लिया जाएगा।





डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ना लगे भूख हमेशा फील हो थकान



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ दिनों से किसी काम में मन नहीं लगता, हमेशा थकान फील करता हूं। भूख भी नहीं लगती। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अंकित, रायपुर**

सबसे पहले आप अपना ब्लड टेस्ट कराएं। कई बार खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी देखी जाती है। अगर वह नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि भूख नहीं लग रही और कमजोरी भी लग रही है। इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं। बगैर जांच कराए, कारण जाने कुछ भी सुझाव देना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ समय पहले मुझे चिकनगुनिया हुआ था। ईलाज के बाद भी मुझे कमजोरी महसूस होती है, बोंस में दर्द होता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सर्वेश, बिलासपुर**

चिकनगुनिया ठीक होने के बाद कुछ लोगों में जल्दी दर्द ठीक हो जाता है लेकिन कुछ को लंबे समय तक हड्डियों में दर्द बना रहता है। इसके लिए आपको अपनी डाइट पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रॉपर डाइट लेने से ही सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलेंगे और दर्द में राहत मिलेगी। फिलहाल परेशान होने की जरूरत नहीं है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। अकसर मेरे हाथ-पैरों में सूजन हो जाती है। कभी-कभी तो चेहरा भी सूजा हुआ लगता है। फिर अपने-आप ही ठीक हो जाता है। क्या ये किसी बीमारी के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुशील, रोहतक**

आपको डायबिटीज की प्रॉब्लम तो नहीं है? यह आपने चेक कराया है या नहीं, क्योंकि कई बार शुगर बढ़ने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए बगैर देर किए पहले आप शुगर की जांच कराएं। अगर जांच रिपोर्ट नॉर्मल है तो आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए, वो कुछ जांच कराएंगे, जिससे स्वेलिंग का कारण पता चलेगा। उसके बाद ही ट्रीटमेंट हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से रह-रहकर मेरे सिर में दर्द होने लगता है। कभी माथे पर कभी आधे सिर मे तो कभी पूरे सिर में। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विकास, भोपाल**

कई बार यह दर्द गैस की वजह से भी होता है, लेकिन इस समय युवाओं में माइग्रेन भी सिर दर्द की एक वजह बन रही है। इसलिए आप इस बात पर गौर करें कि सिर दर्द कब शुरू होता है? मसलन भूख लगने पर, धूप निकलने पर या अन्य कोई खास वजह से। अगर उन वजहों से बच सकें तो बेहतर है। ऐसा नहीं हो पा रहा तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वह वजह जानकर इलाज करेंगे।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बारिश के मौसम में मुझे अकसर जुकाम और खांसी होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-चंद्रकांत, जबलपुर**

बारिश के मौसम में इस तरह की समस्याएं कई लोगों में देखी जाती हैं। जब मौसम चेंज होता है तो सर्दी-जुकाम हो जाता है। इससे बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी होगी। विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल अधिक खाने चाहिए। साथ ही ध्यान रखें कि इस मौसम में फ्रिज में रखी हुई कोई भी ठंडी चीज ना खाएं। ठंडी चीजें भी सर्दी-जुकाम की वजह बन सकती हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. सोनिया लाल गुप्ता**
सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट
डायरेक्टर-मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
दिल्ली-एनसीआर

वर्टिगो की समस्या के बारे में लोग कम ही जानते हैं, इसलिए इसके लक्षणों को अकसर इग्नोर करते रहते हैं। लेकिन ऐसा करना सीरियस कंडीशन पैदा कर सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप इसके कारणों, लक्षणों, परीक्षण, उपचार और इससे उत्पन्न होने वाली जटिलताओं के बारे में जान लें। यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# वर्टिगोः सही नहीं इग्नोर करना





वर्टिगो अंग्रेजी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है सिर चकराना। वर्टिगो शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'वर्टो' से हुई है, जिसका आशय है-घूमना। वस्तुतः वर्टिगो एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को ऐसा महसूस होता है कि उसके या फिर उसके आस-पास की वस्तुएं घूम रही हैं। आमतौर पर वर्टिगो की समस्या में व्यक्ति को चक्कर आते हैं, लेकिन यह सिर्फ चक्कर आने से ज्यादा है और किसी बीमारी के बजाय कई शारीरिक समस्याओं का लक्षण भी हो सकता है क्योंकि चक्कर आने के अनेक कारण हो सकते हैं।

वैसे वर्टिगो की समस्या में चक्कर आने का एक प्रमुख कारण कान के आंतरिक भाग में किसी समस्या की मौजूदगी है। जैसे मेनिएर्स रोग कान के आंतरिक भाग से संबंधित है, जो चक्कर आना (वर्टिगो), कानों में विशेष ध्वनि (टिनिटस) की समस्या, सुनने की क्षमता में कमी और कान में दबाव की समस्या जैसे लक्षणों का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के प्रकार

वर्टिगो दो प्रकार का हो सकता है।

**पेरिफेरल वर्टिगोः** यह वर्टिगो का सबसे आम प्रकार है। जब कान के अंदरूनी भाग, विशेषकर वेस्टिबुलर नर्व या तंत्रिका में किसी तरह की समस्या होती है, तब व्यक्ति को पेरिफेरल वर्टिगो का सामना करना पड़ता है। वेस्टिबुलर नर्व शरीर को संतुलित बनाए रखने का काम करती है।

**सेंट्रल वर्टिगोः** मस्तिष्क में किसी भी तरह की समस्या जैसे स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, सिर पर गंभीर चोट लगना, माइग्रेन, इंफेक्शन आदि से भी सेंट्रल वर्टिगो की समस्या संभव है।

## इन लक्षणों पर रखें नजर

**चक्कर आनाः** चक्कर आना वर्टिगो का सबसे प्रमुख लक्षण है। इसके साथ ही अन्य लक्षण भी सामने आ सकते हैं।



**टिनिटसः** टिनिटस का मतलब है कानों में ध्वनि की एक विशेष अनुभूति, जिसका कोई बाहरी स्रोत नहीं होता। टिनिटस में, व्यक्ति को ऐसी आवाजें सुनाई देती हैं, जिन्हें कोई और नहीं सुन सकता। ये आवाजें बजने, क्लिक करने, गुनगुनाने या भागने से संबंधित ध्वनियों की हो सकती हैं।

- एक या दोनों कानों से सुनाई न देना।
- शरीर का संतुलन बिगड़ना।
- बार-बार जी मिचलाना।
- सिरदर्द होना या सिर में भारीपन।
- मितली या वॉमिट होना।
- दृष्टि का धुंधलापन।
- आंखों के आगे अंधेरा छा जाना।
- तेज आवाज से सिरदर्द।
- गिरने का अहसास होते रहना।
- ज्यादा पसीना आना।
- ऐसा महसूस होना कि आप हिल रहे हैं जबकि आप वास्तव में हिल नहीं रहे।

उपरोक्त लक्षण कुछ सेकेंड से लेकर कुछ मिनट तक और कई घंटे तक बने रह सकते हैं।

## वर्टिगो के कारण

कान के आंतरिक भाग की समस्याएं वर्टिगो का प्रमुख कारण बनती हैं। अन्य कारणों में सिर हिलाने-डुलाने पर चक्कर आना, जिसे मेडिकल शब्दावली में बेनाइन पैरॉक्सिस्मल पोजिशनल वर्टिगो (बीपीपीवी), लैबीरिन्थाइटिस और मेनिएर्स डिजीज सरीखी समस्याएं खासतौर पर शुमार की जाती हैं। इसके अलावा माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, सिर की चोट, निम्न रक्तचाप (लो ब्लड प्रेशर), उच्च रक्तचाप, दिल की धड़कन का अनियमित होना, कम रक्त शर्करा (हाइपोग्लाइसीमिया) आदि समस्याएं वर्टिगो का कारण बन सकती हैं।

वर्टिगो के कारण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान शरीर में रक्त की कमी (एनीमिया) होना भी वर्टिगो का कारण बन सकता है। इसी तरह बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप वर्टिगो का कारण बन सकता है।

## वर्टिगो के लिए टेस्ट

**वेस्टिबुलर टेस्ट बैटरीः** इस जांच से यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि मरीज के लक्षण आंतरिक कान की समस्या या मस्तिष्क की समस्या से संबंधित हैं या नहीं।

**इमेजिंग परीक्षणः** इसके अंतर्गत सीटी स्कैन और एमआरआई जांचें कराई जाती हैं।

## उपचार की विधियां

वर्टिगो का उपचार लक्षणों के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा विभिन्न मरीजों को किन कारणों से चक्कर आ रहे हैं, उनका पता लगाकर मरीज के बुनियादी रोग का इलाज किया जाता है। मरीज अगर कान के आंतरिक भाग की समस्या से पीड़ित है, तो उसका इलाज किया जाता है। यदि उसे किसी संक्रमण, माइग्रेन या अन्य स्थिति के कारण चक्कर आ रहा है, तो उसका उपचार किया जाता है।

**दवाएंः** चक्कर आना, जी मिचलाना या उल्टी होने की स्थिति में डॉक्टर के परामर्श से दवाएं ली जा सकती हैं। डॉक्टर मरीज की स्थिति के अनुरूप एंटीवर्टीजिनस ड्रग्स का परामर्श देते हैं। डॉक्टर के परामर्श के बगैर ओवर द काउंटर दवाएं कभी भी नहीं लें।



**कैनालिथ रिपोजिशनिंग प्रक्रियाः** इसे 'इप्ले मैन्युवर' के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत आंतरिक कान में कैनालिथ (कैल्शियम क्रिस्टल) को पुनः स्थापित करने के लिए व्यायाम कराए जाते हैं। 'इप्ले मैन्युवर' की सफलता दर अत्यंत संतोषजनक है, जो वर्टिगो से राहत दिलाने में मददगार है।

**सर्जरीः** यदि उपचार की अन्य विधियां वर्टिगो से राहत दिलाने में विफल रहती हैं, तो ऐसे मामलों में सर्जरी का सहारा लिया जाता है। जैसे अगर ब्रेन ट्यूमर या सिर में चोट लगने के कारण वर्टिगो की समस्या है, तो इस स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टर मरीज को सर्जरी की सलाह दे सकते हैं।

**विशेष व्यायामः** शारीरिक संतुलन से संबंधित विशेष व्यायाम आपके मस्तिष्क को असंतुलन से निपटने में मदद करते हैं। कुछ एक्सरसाइज शरीर का संतुलन बनाने में सहायक हैं। डॉक्टर के परामर्श से ऐसे व्यायाम करवाए जाते हैं।

## जटिलताओं से बचे रहें

वर्टिगो की समस्या अचानक गिरने जैसी जटिलताओं को उत्पन्न कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप मरीजों, खासकर बुजुर्गों में हड्डी टूटने (बोन फ्रैक्चर) या फिर चोट लगने का खतरा कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए वर्टिगो से ग्रस्त मरीजों को वाहन चलाने से बचना चाहिए। उन्हें तैराकी भी नहीं करनी चाहिए। ऐसे लोगों को वॉशरूम या बाथरूम का दरवाजा भीतर से बंद नहीं करना चाहिए। वस्तुतः वर्टिगो की समस्या के प्रति सजग रहने की जरूरत है। यह ऐसी समस्या नहीं है, जिसका पूरी तरह इलाज न हो। समय रहते न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेने पर वर्टिगो की जटिलताओं से बचा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### ऐसा करने से मिलेगी राहत

- चक्कर आते ही बैठ जाना।
- सहारे के लिए तकिए पर सिर ऊंचा करके सोना।
- वर्टिगो का एहसास होने पर अंधेरी जगह में लेट जाना या लाइट बंद कर देना।
- पर्याप्त मात्रा में नींद लेना।
- तनाव का प्रबंधन करना, जिससे वर्टिगो के लक्षण भी कम हो सकते हैं।
- अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहना यानी पर्याप्त मात्रा में पानी व तरल पदार्थ पीना।
- शराब के सेवन से चक्कर आना, संतुलन की कमी और मतली की समस्या और भी बदतर हो सकती है। इसलिए इससे दूर रहना बेहतर है।






डाइट एडवाइस/ राजकुमार 'दिनकर'

# डेली डाइट में लें अंडा मिलेगा पर्याप्त प्रोटीन

अंडों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। अंडा हमें उत्तम श्रेणी के प्रोटीन ही उपलब्ध नहीं कराता बल्कि इसमें 11 प्रकार के विटामिन, खनिज लवण, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। अपनी इन तमाम खूबियों के कारण ही अंडे को सुपर फूड माना जाता है। हमें अपनी डेली डाइट में इसे क्यों शामिल करना चाहिए और हमारे स्वास्थ्य को इससे क्या-क्या फायदे होते हैं, आइए जान लेते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** अंडे में विटामिन ए, डी, ई, के, बी5, बी12, बी6, फोलेट, फॉस्फोरस, सिलेनियम, जिंक जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाते हैं। त्वचा और मस्तिष्क की सेहत सुधारते हैं। अपनी इतनी सारी खूबियों के कारण उन्हें नेचुरल मल्टीविटामिन भी कहा जाता है। इनसे इतर एक अंडे में लगभग 6 ग्राम प्रोटीन और 5 ग्राम स्वस्थ वसा होती है, जो अंडे को पोषक तत्वों का पावर हाउस साबित करती है।



**लंबे समय तक भूख नहीं लगतीः** अंडे में चूंकि प्रोटीन और वसा मौजूद होती है, इसलिए इसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह सुबह के नाश्ते में खाए जाने योग्य कंप्लीट डाइट है। ये सुपाच्य और स्वादिष्ट भी होते हैं। इसलिए यदि आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो प्रतिदिन अपनी डाइट में इन्हें जरूर शामिल करें। किसी भी रूप में चाहे उबले अंडे या ऑमलेट में नाश्ते के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है, जिसको खाने के बाद लंबे समय तक पेट भरा रहता है, जिससे हम अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बचे रहते हैं।

**नजरों के लिए फायदेमंदः** अंडे के पीले भाग में मौजूद ल्यूटिन और जेक्सैंथिन ऐसे एंटीऑक्सीडेंट्स हैं, जो ग्लूकोमा और सफेद मोतिया से बचाते हैं। विटामिन ए और ओमेगा-3 फैटी एसिड आंखों की मांसपेशियों को मजबूती देते हैं।

**दिल की सेहत के लिए फायदेमंदः** अंडों में पाया जाने वाला ओमेगा-3, कोलिन जैसे पोषक तत्व हमारी आंखों, मस्तिष्क, हृदय और तंत्रिका तंत्र के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं और यह हमारे दिल की सेहत के लिए भी अच्छे होते हैं।

**स्किन और बालों के लिए लाभकारीः** अंडों में मौजूद ल्यूटिन और प्रोटीन त्वचा की नमी को बनाए रखता है, जिससे त्वचा चमकदार और जवां दिखती है। यही बालों को भी घना और स्वस्थ बनाते हैं।

**डायबिटिक रोगियों के लिए यूजफुलः** अंडे में कार्बोहाइड्रेट कम होता है, इसलिए यह डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसका ग्लूकोज के स्तर पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। यह वजन कंट्रोल रखने, ब्लड प्रेशर कम करने में कारगर है। *





# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

लाइफ Style



# दीपिका
## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तेयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।




# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

## टीवी मसाला



# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला

**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'



# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टू और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड ऑर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।



### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे



रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'

## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट

# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*




**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फ्रांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।

## चिंतन

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद रक्षा क्षेत्र का सिरमौर बनता भारत

वो भी समय था, जब भारत अपनी रक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से रूस व अन्य देशों पर निर्भर था। यहां तक कि गोला बारूद तक के लिए विदेशी रक्षा उपकरण निर्माताओं की तरफ झोली फैलानी पड़ती थी। इतना ही नहीं, भारी भरकम रकम देने के बाद भी रक्षा उपकरण देने में भी लगातार देरी सहन करनी पड़ती थी। अब हालात बदलने लगे हैं। ऐसा भी नहीं है कि हम सौ फीसदी आत्मनिर्भर हो गए हैं, लेकिन हालात वो भी नहीं रहे, जो दो दशक पहले तक थे। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, रक्षा उत्पादन और निर्यात संवर्धन नीति जैसे बड़े रणनीतिक फैसलों के कारण घरेलू रक्षा उत्पादनों को बहुत हद तक प्रोत्साहन मिला है। रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी भी अपेक्षाकृत बढ़ी है और सार्वजनिक उपक्रमों की उत्पादन क्षमता में खासा सुधार आया है। इसमें एमएसएमई ने भी योगदान दिया। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि इस कारण 2013-14 में जहां 686 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये हो चुका है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में भी 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। साफ नजर आता है कि देश रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में तेज से उभर रहा है। इसी कारण वैश्विक मंचों पर भी भारत की छवि मजबूत होती जा रही है। हाल में लोवी इंस्टीट्यूट पावर इंडेक्स की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि रक्षा क्षेत्र में भारत दुनिया के सिरमौर देशों की कतार में खड़ा होने की तैयारी में है। देश आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में तेजी से तरक्की कर रहा है, इस तथ्य की पुष्टि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हुई, जब ब्रह्मोस मिसाइलों और ड्रोन रोधी स्वदेशी प्रणाली आकाशतीर ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। अब तक हमें आमतौर पर यही लगता था कि ऑपरेशन सिंदूर ने सैन्य क्षेत्र में भारत की नई और उभरती ताकत से पूरी दुनिया का परिचय करवाया है। जिस तरह से सिर्फ चार दिनों के भीतर भारतीय सशस्त्र सेना ने पाकिस्तान का गेम ओवर किया, उससे खुद को सुपर पावर कहने वाले देश भी हक्के-बक्के रह गए। लेकिन, अब ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं कि ऑपरेशन सिंदूर ने सिर्फ हमारी सैन्य ताकत को ही बयां नहीं किया, रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी भारत के लिए नए द्वार खोल दिए हैं। भारत आज अमेरिका, रूस, फ्रांस समेत 100 से ज्यादा देशों को सैन्य हथियार और रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। भारत के जिन हथियारों की अंतरराष्ट्रीय सैन्य बाजार में ज्यादा डिमांड है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनकी फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। ब्रह्मोस मिसाइल को भारत ने रूस के साथ मिलकर बनाया है। फिलीपींस इसका पहले से खरीदार था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में शानदार प्रदर्शन की वजह से करीब 15 देश इसे खरीदने के लिए लालायित हो रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि भारत के रक्षा उपकरण न केवल सटीक हैं बल्कि गुणवत्ता पर भी खरे उतरते हैं। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो खलता है। इस प्रगति के बावजूद रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को घटाना अभी भी चुनौती बना हुआ है। इन प्रयासों को बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में मेहनत करनी होगी और निवेश भी बढ़ाना होगा। छोटे और मध्यम उद्यमों को रक्षा उत्पादन में और अवसर देने होंगे। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार की प्रतिस्पर्धा का भी ध्यान रखना होगा। यह तभी संभव है जब हम रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन देंगे और सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर साझेदारी, नए बाजारों की खोज और रक्षा स्टार्टअपों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।



# समता व बंधुत्व को समर्पित जीवन

जन्म दिवस पर विशेष
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

संघ का हर कार्यकर्ता वैभव संपन्न भारत माता का सपना साकार होते देखना चाहता है। इस सपने को पूरा करने के लिए जिस स्पष्ट विज़न और ठोस एक्शन की जरूरत होती है, डॉ. मोहन भागवत इन दोनों गुणों से परिपूर्ण हैं। उनके स्वभाव की एक और बड़ी विशेषता ये है कि वे मृदुभाषी हैं। उनमें सुनने की भी अद्भुत क्षमता है। यह विशेषता न केवल उनके दृष्टिकोण को गहराई देती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व में संवेदनशीलता और गरिमा भी लाती है। डॉ. भागवत हमेशा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के प्रबल पक्षधर रहे हैं। वैसे बहुत कम लोगों को ये पता है कि डॉ.भागवत अपनी व्यस्तता के बीच संगीत और गायन में भी रुचि रखते हैं। वे विभिन्न भारतीय वाद्ययंत्रों में भी निपुण हैं।

आज 11 सितंबर है। यह दिन अलग-अलग स्मृतियों से जुड़ा है। एक स्मृति 1893 की है, जब स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व बंधुत्व का संदेश दिया और दूसरी स्मृति है 9/11 का आतंकी हमला, जब विश्व बंधुत्व को सबसे बड़ी चोट पहुंचाई गई। आज के दिन की एक और विशेष बात है। आज एक ऐसे व्यक्तित्व का 75वां जन्म दिवस है जिन्होंने वसुधैव कुटुंबकम के मंत्र पर चलते हुए समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। संघ परिवार में जिन्हें परम पूजनीय सरसंघचालक के रूप में श्रद्धाभाव से संबोधित किया जाता है, ऐसे डॉ. मोहन भागवत का आज जन्मदिन है। यह एक सुखद संयोग है कि इसी साल संघ भी अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। मैं डॉ. भागवत को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें।

मेरा डॉ. मोहन भागवत के परिवार से बहुत गहरा संबंध रहा है। मुझे उनके पिता, स्वर्गीय मधुकर राव भागवत के साथ निकटता से काम करने का सौभाग्य मिला था। मैंने अपनी पुस्तक 'ज्योति पुंज' में मधुकर राव के बारे में विस्तार से लिखा भी है। वकालत के साथ-साथ मधुकर राव जीवनभर राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित रहे। अपनी युवावस्था में उन्होंने लंबा समय गुजरात में बिताया और संघ कार्य की मजबूत नींव रखी। मधुकर राव का राष्ट्र निर्माण के प्रति झुकाव इतना प्रबल था कि अपने पुत्र मोहन राव को भी इस महान कार्य के लिए निरंतर गढ़ते रहे। एक पारसमणि मधुकर राव ने मोहन राव के रूप में एक और पारसमणि तैयार कर दी।

डॉ. भागवत का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। वे 1970 के दशक के मध्य में प्रचारक बने। गत 100 वर्षों में देशभक्ति की प्रेरणा से भरे हजारों युवक-युवतियों ने अपना घर-परिवार त्याग करके पूरा जीवन संघ परिवार के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया है। डॉ.भागवत ने उस समय प्रचारक का दायित्व संभाला, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर इमरजेंसी थोप दी थी। उस दौर में प्रचारक के रूप में भागवत ने आपातकाल-विरोधी आंदोलन को निरंतर मजबूती दी। उन्होंने कई वर्षों तक महाराष्ट्र के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों, विशेषकर विदर्भ में काम किया। 1990 के दशक में अखिल भारतीय शारीरिक प्रमुख के रूप में डॉ. मोहन भागवत के कार्यों को आज भी कई स्वयंसेवक स्नेह पूर्वक याद करते हैं। इसी कालखंड में डॉ.भागवत ने बिहार के गांवों में अपने जीवन के अमूल्य वर्ष बिताए और समाज को सशक्त करने के कार्य में समर्पित रहे।

सरसंघचालक होना मात्र एक संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं है। यह एक पवित्र विश्वास है, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी दूरदर्शी व्यक्तित्वों ने आगे बढ़ाया है और इस राष्ट्र के नैतिक और सांस्कृतिक पथ को दिशा दी है। असाधारण व्यक्तियों ने इस भूमिका को व्यक्तिगत त्याग, उद्देश्य की स्पष्टता और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण के साथ निभाया है। यह गर्व की बात है कि डॉ. मोहन



भागवत ने न केवल इस विशाल जिम्मेदारी के साथ पूर्ण न्याय किया है, बल्कि इसमें अपनी व्यक्तिगत शक्ति, बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व भी जोड़ा है। डॉ. भागवत का युवाओं से सहज जुड़ाव है और इसलिए उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को संघ कार्य के लिए प्रेरित किया है। वे लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं, और संवाद करते रहते हैं।

श्रेष्ठ कार्य पद्धति को अपनाने की इच्छा और बदलते समय के प्रति खुला मन रखना, ये डॉ.मोहन की बहुत बड़ी विशेषता रही है। अगर हम व्यापक संदर्भ में देखते हैं तो संघ की 100 साल की यात्रा में डॉ.भागवत का कार्यकाल संघ में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। चाहे वो गणवेश परिवर्तन हो, संघ शिक्षा वर्गों में बदलाव हो, ऐसे अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन उनके निर्देशन में संपन्न हुए।

कोरोना काल में डॉ. मोहन भागवत के प्रयास विशेष रूप से याद आते हैं। उस कठिन समय में उन्होंने स्वयंसेवकों को सुरक्षित रहते हुए समाजसेवा करने की दिशा दी और टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाने पर बल दिया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाई, जगह-जगह मेडिकल कैंप लगाए। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक विचार को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को विकसित किया। हमें कई स्वयंसेवकों को खोना भी पड़ा, लेकिन डॉ.भागवत की प्रेरणा ऐसी थी कि अन्य स्वयंसेवकों की दृढ़ इच्छाशक्ति कमजोर नहीं पड़ी।

इस वर्ष की शुरुआत में, मैंने नागपुर में उनके साथ माधव नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के दौरान कहा था कि संघ अक्षयवट की तरह है, जो राष्ट्रीय संस्कृति और चेतना को ऊर्जा देता है। इस अक्षयवट वृक्ष की जड़ें इसके मूल्यों की वजह से बहुत गहरी और मजबूत हैं। समाज कल्याण के लिए संघ की शक्ति के निरंतर उपयोग पर डॉ. मोहन भागवत का विशेष बल रहा है। इसके लिए उन्होंने पंच परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। इसमें स्व-बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के सूत्रों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। देश और समाज के लिए सोचने वाले हर भारतवासी को पंच परिवर्तन के इन सूत्रों से अवश्य प्रेरणा मिलेगी। पिछले दिनों देश में जितने सफल जन-आंदोलन हुए चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, डॉ. मोहन भागवत ने पूरे संघ परिवार को इन आंदोलनों में ऊर्जा भरने के लिए प्रेरित किया। मैं पर्यावरण से जुड़े प्रयासों और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल को आगे बढ़ाने के प्रति उनके समर्पण को जानता हूं।

डॉ. भागवत का बहुत जोर आत्मनिर्भर भारत पर भी है। कुछ ही दिनों में विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष का हो जाएगा। यह भी सुखद संयोग है कि विजयादशमी का पर्व, गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और संघ का शताब्दी वर्ष एक ही दिन आ रहे हैं। यह भारत और विश्वभर के लाखों स्वयंसेवकों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमारे पास डॉ. मोहन भागवत जैसे दूरदर्शी और परिश्रमी सरसंघचालक हैं, जो ऐसे समय में संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक युवा स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक की उनकी जीवन यात्रा उनकी निष्ठा और वैचारिक दृढ़ता को दर्शाती है। विचार के प्रति पूर्ण समर्पण और व्यवस्थाओं में समयानुकूल परिवर्तन करते हुए उनके नेतृत्व में संघ कार्य का निरंतर विस्तार हो रहा है। मैं मां भारती की सेवा में समर्पित डॉ. मोहन भागवत के दीर्घ और स्वस्थ जीवन की पुनः कामना करता हूं। उन्हें जन्मदिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. योगिता राघव



# विवेकानंद के शिकागो भाषण को अपने जीवन में उतारें

शिकागो में 11 सितम्बर 1893 के ऐतिहासिक दिन विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने अपने अविस्मरणीय, अविश्वसनीय, अद्वितीय व ऐतिहासिक भाषण से न केवल भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर स्थापित किया, बल्कि पूरी दुनिया को सहिष्णुता, सार्वभौमिकता और मानवता का अमूल्य संदेश दिया और भारत के युवाओं में एक नई चेतना और आत्मविश्वास का संचार भी किया। "मेरे अमेरिकी बहनों और भाइयों" कहकर जैसे ही उन्होंने अपना संबोधन प्रारंभ किया, सभागार गगनभेदी तालियों से गूंज उठा। यह भाषण केवल शब्दों का संगम नहीं था, बल्कि भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, भाईचारे और विश्व बंधुत्व का उद्घोष था। आज, 132 वर्ष बाद भी यह उतना ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। स्वामी विवेकानंद ने स्पष्ट कहा कि भारत केवल सहिष्णुता का ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करने का देश है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत ने सदैव सताए गए और शरणार्थी समुदायों, चाहे वे यहूदी हों या पारसी, को खुले हृदय से अपनाया है। यह विचार आज की दुनिया के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जहां कट्टरता और संकीर्णता के बीच शांति और सद्भाव का मार्ग खोजा जा रहा है। विवेकानंद ने अपने भाषण में कट्टरता और हठधर्मिता को मानव समाज का सबसे बड़ा शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि इनसे धरती बार-बार खून से लाल हुई है और सभ्यताएं मिट गई हैं। अब समय आ गया है जब मानवता को ऐसे दानवों से मुक्त होकर भाईचारे और एकता की ओर बढ़ना होगा। विश्व धर्म सम्मेलन दुनिया को यदि कुछ दिखा सकता है तो वह होगा, धर्मों की पवित्रता, शुद्धता और पुण्यता, क्योंकि धर्मों से ही इंसान के चरित्र का निर्माण होता है। यदि धार्मिक एकता के समय भी कोई यह सोचता है कि उसी के धर्म का विस्तार हो और दूसरे धर्मों का विनाश हो तो ऐसे लोगों के लिए मुझे दिल से लज्जा महसूस होती है। स्वामी विवेकानंद



केवल आध्यात्मिक गुरु ही नहीं, बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक भी थे। उन्होंने भारत के युवाओं को प्रेरित करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। उनका प्रसिद्ध मंत्रः "उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।" आज भी हर युवा के लिए जीवन का मार्गदर्शन है। उनका विश्वास था कि आत्मविश्वास और साहस के बल पर युवा न केवल अपना भविष्य गढ़ सकते हैं, बल्कि राष्ट्र को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। विवेकानंद का संदेश केवल धार्मिक एकता का आह्वान नहीं था, बल्कि यह युवाओं के लिए भी दिशा-निर्देश था। उन्होंने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने तथा जाति-धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। वह चाहते थे कि युवा भारत को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक साथ आएं। आज का युवा डिजिटल युग में अवसरों के साथ-साथ बेरोजगारी, तनाव और पहचान के संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में विवेकानंद का शिकागो भाषण युवाओं को आत्मबल देता है और याद दिलाता है कि वे उस महान संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, जिसने दुनिया को शांति, सहिष्णुता और मानवता का पाठ पढ़ाया है। उनके विचारों का अनुसरण करके, युवा न केवल अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज भी कई संगठन ज़मीनी स्तर पर आगे बढ़ा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जैसे छात्र संगठन विवेकानंद के इन्हीं विचारों को ज़मीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। एबीवीपी का मूल मंत्र, छात्र शक्ति, राष्ट्र शक्ति, सीधे विवेकानंद के उस दर्शन से जुड़ा है जिसमें उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा उपकरण माना था। एबीवीपी युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरित कर रहा है। स्वामी विवेकानंद ने जो विचार दिए, एबीवीपी उन्हें एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रही है। विवेकानंद ने युवाओं को जो सपना दिखाया था, एबीवीपी के कार्यकर्ता उसे साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि शाश्वत संदेश है जो हर पीढ़ी के भारतीय युवाओं को प्रेरित करता रहेगा। आज उनके शिकागो भाषण की वर्षगांठ पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि उनके विचारों को केवल पढ़ा ही न जाए, बल्कि जीवन में उतारा भी जाए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(लेखिका अभाविप गुरुग्राम की महानगर अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्यु के उपरांत ही समाप्त होती है यात्रा



संकलित
**दर्शन**

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

## विचार अच्छे नहीं तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### राहुल कांग्रेस का खोया गौरव लौटाने को बेताब

राहुल कांग्रेस के खोए गौरव को लौटाने बेताब राहुल ने उतरप्रदेश में पहला रोड शो अपने बहन प्रियंका गांधी के साथ मिलकर तैयार की गई पठकथा से भटके बिना की हो। लोगो से हाथ मिलाना और जातिविहीन समाज सरीखे उदार मुद्दे उठाना राहुल का क्रम बन चुका है। लेकिन उनको पता लग पाता है तब तक वे कुछ न कुछ ऐसा बोल जाते है, जो मुद्दा बन जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने के लिए राहुल को बडी कीमत चुकानी पड़ेगी। यह आसान भी नही है। राहुल ब्रांड बिहार की धूल घुसरित गलियों में उतार दिया गया। दरअसल,गांधी परिवार होने के बावजूद कांग्रेस को उनसे उम्मीदे बेहिसाब है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### रेल सेवाओं का विस्तार



आत्मनिर्भर और विकसित भारत के विजन के अनुरूप हम देशभर में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसी दिशा में भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई है। इससे यहां के लोगों का जीवन आसान होगा।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रकृति का विकास



हम बीटीआर में न केवल बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस खूबसूरत क्षेत्र में प्रकृति का विकास हो। सरकार ने प्राकृतिक परिवेश की रक्षा और पशु-पक्षियों की आबादी को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### युवक को न्याय मिले



निर्मम भाजपा सरकार से हताश होकर एक युवा ने आत्मदाह के द्वारा सरकार को जगाने के लिए जो कोशिश की है वो बेहद दर्दनाक है। भाजपा सरकार घायल युवक को अच्छे से अच्छा इलाज-उपचार सुनिश्चित करे और युवक को न्याय प्रदान करे।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### काठमांडू में फंसे यात्री



यह बेहद चिंताजनक है कि नेपाल में बिगड़े हालातों के बीच, बड़ी संख्या में राजस्थान के यात्री काठमांडू में फंसे हुए हैं। प्रदेश सरकार को वहां फंसे यात्रियों को सुरक्षित राजस्थान लाने का इंतजाम करना चाहिए।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

### ब्रिटेन में सिख विरासत के संरक्षण का आह्वान



पूर्व राज्यसभा सदस्य सरदार तरलोचन सिंह ने ब्रिटिश सिख सांसदों और उनके साथियों से महाराजा रणजीत सिंह के बिखरे हुए खजानों पर प्रामाणिक शोध कराने का आह्वान किया है ताकि उन्हें उचित रूप से सूचीबद्ध किया जा सके और भावी पीढ़ियों के लिए एक संग्रहालय में संरक्षित किया जा सके। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोमवार शाम लंदन के हाउस ऑफ लॉड्र्स परिसर में ब्रिटिश सिख एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह (92) ने उन खबरों की ओर इशारा किया जिनमें औपनिवेशिक काल की एक फाइल का खुलासा हुआ था जिसमें भारत में सिख साम्राज्य के 19वीं सदी के शासक के कई खजानों का दस्तावेजीकरण किया गया था। सिंह ने कहा, 'महाराजा रणजीत सिंह के तोशाखाने (खजाने) से खजानों की एक सूची जारी की जानी चाहिए ताकि हमारे बच्चे हमारी सिख विरासत पर गर्व कर सकें।' उन्होंने कहा, 'ऐतिहासिक अभिलेखों में उल्लेख है कि गुरु गोबिंद सिंह जी का पवित्र पंख, जो उनकी पगड़ी को सुशोभित करता था, तोशाखाने में रखा जाता था और महाराजा रणजीत सिंह उसे प्रतिदिन छूते थे।'

## ऑफ बीट

### दांतों की दैनिक सफाई में छिपा प्लास्टिक संकट



दांतों की नियमित सफाई, फ्लॉसिंग और छह महीने में एक बार दंत चिकित्सक से दांतों की जांच कराना। ये सभी दांतों की सफाई के लिए जरूरी कदम माने जाते हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ये दैनिक आदतें अनजाने में पृथ्वी पर माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ावा दे रही हैं। शोध से पता चला है कि टूथपेस्ट, फ्लॉस, टूथब्रश और दंत चिकित्सकों द्वारा उपयोग की जाने वाली सामग्री के माध्यम से हर दिन माइक्रोप्लास्टिक के अरबों कण जल प्रणाली में पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि प्लास्टिक माइक्रोबीड पर कई देशों में प्रतिबंध लग चुका है, लेकिन आज भी कई टूथपेस्ट में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद होते हैं। वहीं, अधिकांश डेंटल फ्लॉस नायलॉन या टेफ्लॉन जैसे गैर–जैव अपघटनीय पदार्थों से बने होते हैं, जो पर्यावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं। टूथब्रश दैनिक जीवन का उपयोगी हिस्सा है। लेकिन ये टूथब्रश भी इस संकट में योगदान दे रहे हैं। सामान्य उपयोग के दौरान उनके नायलॉन ब्रिसल के छोटे–छोटे कण टूटकर पानी के माध्यम से जल प्रणाली में प्रवेश कर जाते हैं। ये कण मलजल में प्रवेश करते हैं, उपचार प्रणालियों से गुजरते हैं और अंततः समुद्री खाद्य श्रृंखलाओं में पहुंच जाते हैं, जहां इन्हें प्लवक, शंख, मछली खा जाते हैं और अंततः यह मनुष्य के शरीर में पहुंच जाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कैबिनेट ने भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट सिंगल रेलवे लाइन खंड के दोहरीकरण को दी मंजूरी

## 177 किमी लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण लगभग 3,169 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने बुधवार को बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट एकल रेलवे लाइन खंड (177 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। इसकी कुल लागत लगभग 3,169 करोड़ रुपए है।

इस बढ़ी हुई लाइन क्षमता से परिवहन में सुधार होगा जिससे भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी। इस मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से परिचालन आसान होगा और भीड़भाड़ कम होगी जिससे भारतीय रेलवे के इन सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास संभव होगा। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाएगा और उनके रोजगार/स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा।

ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई हैं जिनका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के साथ परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। ये परियोजनाएं रेल यातायात के साथ-साथ सामानों की ढुलाई के लिए भी निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के पांच जिलों को कवर करने वाली इस परियोजना से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 177 किलोमीटर की वृद्धि होगी। यह परियोजना खंड, देवघर (बाबा बैद्यनाथ धाम), तारापीठ (शक्ति पीठ) आदि जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है।

मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 441 गांवों और 28.72 लाख आबादी तथा तीन आकांक्षी जिलों (बांका, गोड्डा और दुमका) तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। कोयला, सीमेंट, उर्वरक, ईंट और पत्थर आदि जैसी वस्तुओं की ढुलाई के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है। इन क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 15 मिलियन टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन माध्यम होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात (5 करोड़ लीटर) और सीओ2 उत्सर्जन (24 करोड़ किलोग्राम) कम करने में मदद करेगा, जो एक करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

### रेलवे कार्गो का मॉडर शेयर बढ़कर 29 फीसदी हो गया

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आजादी के बाद रेलवे कार्गो लगातार घट रहा था। 27 फीसदी के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब यह बढ़ने लगा है। अब मॉडल शेयर लगभग 29 फीसदी तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में स्वीकृत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कुल संख्या लगभग 11 लाख करोड़ रुपए की है, और एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव हो रहा है। आप क्षेत्र में देख सकते हैं कि कैसे काम तेजी से आगे बढ़ रहा है, कैसे इसके माध्यम से रोजगार पैदा हो रहा है और कैसे ये परियोजनाएं लोगों के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला रही हैं?

### बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ेगी

यह बिहार से शुरू होकर रामपुरहाट में झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। अभी चलने वाली अधिकतम ट्रेन भागलपुर से मालदा टाउन और रामपुरहाट होते हुए हावड़ा जाती है। इस दोहरीकरण के बाद, कई ट्रेनें भागलपुर से दुमका और वहां से सीधे रामपुरहाट जा सकेंगी। कई पैसेंजर ट्रेनें, मेल एक्सप्रेस ट्रेनें इससे होकर जा सकेंगी और यह देवघर के तीर्थ स्थान को भी जोड़ती है। दक्षिण बिहार को कोलकाता की ओर जिस कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, वह इस परियोजना द्वारा प्रदान की जाती है। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव से परिचालन आसान हो जाएगा और भीड़भाड़ कम होगी, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर आवश्यक बुनियादी ढांचागत विकास हो सकेगा। ये परियोजनाएं पीएम मोदी के नए भारत के विज़न के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी।

### पीएम-गति शक्ति के तहत बनेगी

इन प्रोजेक्ट्स की योजना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई है, जिसमें एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।

## खबर संक्षेप

### राधाकृष्णन की जीत के बाद सांसदों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए और



विपक्षी गठबंधन के मित्र सांसद एकजुट रहे। इसके लिए इंडिया गठबंधन के सांसदों को विशेष धन्यवाद। रिजिजू ने लिखा, इंडी गठबंधन के कुछ सांसदों को विशेष धन्यवाद जिन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के सीपी राधाकृष्णन के लिए 'विवेक' से वोट दिया।

### आप विधायक लालपुरा दोषी करार, 2 दिन बाद सजा

**नई दिल्ली।** लड़की के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने के मामले पर 12 वर्ष बाद एडिशनल सेशन जज प्रेम कुमार की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने खडूर साहिब से आपविधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा समेत सभी 12 आरोपियों को दोषी करार दे दिया। इन सभी को अदालत के आदेश पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### हार्दिक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजनीति में पाटीदार आंदोलन का कभी प्रमुख चेहरा रहे और वर्तमान में भाजपा विधायक हार्दिक पटेल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अहमदाबाद की ग्राम्य कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई 2018 में पाटीदार आरक्षण आंदोलन के दौरान अपराध से संबंधित है।

### मद्रास हाईकोर्ट में पहुंचा 'वोट चोरी' का मामला

# ईसी से जवाब मांगने वाली याचिका रद्द, फटकार लगाते याची पर ठोका एक लाख का जुर्माना

एजेंसी ⏭ चेन्नई

**मतदाता सूची में हेरफेर के आरोपों पर स्थिति साफ करने की गुजारिश थी**

याचिका में राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में हेरफेर के आरोपों पर निर्वाचन आयोग को स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था

मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को वोट चोरी के आरोपों पर चुनाव आयोग को जवाब देने का निर्देश वाली याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगा दिया। याचिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में हेरफेर के आरोपों पर निर्वाचन आयोग को स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।अधिवक्ता वी वेंकट शिवकुमार द्वारा दायर जनहित याचिका में चुनाव आयोग को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया कि आयोग सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक मतदाता सूची डेटा को मशीन द्वारा पढ़े जाने वाले प्रारूप में अदालत के सामने प्रस्तुत करे और इसे सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए। याचिका में इन आरोपों के जवाब में की गई सभी कार्रवाइयों, जांचों, ऑडिट और उपायों की डिटेल रिपोर्ट उपलब्ध करने का अनुरोध किया गया था।

अदालत के समक्ष प्रारूप रखने की मांग की थी



#### आयोग पहले ही दावे को नकार चुका

बीते अगस्त में राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि चुनाव आयोग केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनावों में धांधली कर रही है। राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाए कि बीते लोकसभा चुनाव सहित कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदाता सूची से छेड़छाड़ की गई। हालांकि आयोग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

#### केवल प्रचार के लिए दायर की थी याचिका

मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव और जस्टिस जी अरुल मुरुगन की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित एक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया कि यह सिर्फ प्रचार के लिए दायर की गई है।अदालत ने कहा कि याचिका का कोई आधार नहीं है है, इसमें ठोस सबूतों का अभाव है और यह पूरी तरह से राजनीतिक दावों पर आधारित है। कोर्ट ने आगे कहा कि याचिका अस्पष्ट है, इसमें कोई ठोस विवरण भी नहीं है और इसके जरिए चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण जारी करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

### अदालत ने नाबालिग लड़की को चूमने के आरोपी को बरी किया

## आरोपी का कोई गलत इरादा नहीं था, इसे स्वाभाविक बताया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे की एक विशेष अदालत ने साल 2021 में एक तीन साल की बच्ची चूमने और उसके साथ कथित छेड़छाड़ के आरोपी को रिहा करने का आदेश दिया है। बच्चों को प्यार करने वाला कोई भी व्यक्ति स्वाभाविक तौर पर ऐसा कर सकता है। अदालत ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए कहा कि आरोपी का कोई गलत इराद्रा नहीं था और अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा। 22 अगस्त को पारित इस आदेश में, पोक्सो कानून से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश रूबी यू मालवंकर ने 54 वर्षीय ओमप्रकाश रामबचन गिरि को बरी कर दिया। ओमप्रकाश रामबचन गिरी पर 9 जनवरी, 2021 को दो अलग-अलग मौकों पर नाबालिग बच्ची को गले लगाने और चूमने का आरोप था।

#### पीड़िता की उम्र का भी दिया हवाला



अदालत ने कहा कि सि आरोप के लिए आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाया गया, उसे गलत तरीके से छूने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। पीड़िता की उम्र को देखते हुए कोई भी व्यक्ति जो बच्चों से प्यार करता है, उसे गोद में उठा सकता है। उसके गाल पर प्यार से चुंबन दे सकता है, जो आमतौर पर समाज में होता है।

#### बच्चे को कोई चोट नहीं पहुंचाई गरिमा को ठेस नहीं पहुंची

अदालत ने कहा कि हमारे जैसे देश मे, जब तक कि वह बच्चे को चोट न पहुंचा रहा हो या उसका व्यवहार आपत्तिजनक या अपमानजनक नहीं माना जाता।इस मामले में भी आरोपी बिल्कुल अजनबी नहीं था और वह उसी इलाके का निवासी था, इसलिए इसे पूरी तरह से आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता। कथित घटनाओं के दौरान बच्चा दर्द से नहीं रोया। न्यायाधीश ने कहा गरिमा को ठेस पहुंचाने का तत्व लगभग नदारद है। प्यार भरे व्यवहार को शक पर आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता।

### सिरसा में दक्षिण बाइपास के जल्द निर्माण को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से किया अनुरोध

## एक अक्टूबर से शुरू होगा हिसार-डबवाली राष्ट्रीय राजमार्ग का नवीनीकरण: सैलजा

***सड़क परिवहन मंत्रालय ने पत्र देकर सूचित किया***

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा निरंतर प्रयासों का बड़ा नतीजा सामने आया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि हिसार से डबवाली तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-9) के नवीनीकरण का कार्य एक अक्टूबर से शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही सांसद ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि जालंधर-तारानगर नेशनल हाइवे 703 को जोड़ने वाले सिरसा दक्षिण बाइपास का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि नगर को यातायात से मुक्ति मिल सके और वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि उन्हें मंत्रालय की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हिसार-डबवाली नेशनल हाइवे के पुनर्निर्माण और मरम्मत कार्य के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है और ठेकेदार को आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह काम परफॉर्मेंस बेस्ड मेंटेनेंस कॉंट्रेक्ट (पीबीएमसी) के तहत होगा। साथ ही, डिंग, साहुवाला प्रथम, ओढ़ा, चोरमार और सत्ताखेड़ा गांवों में ओवरब्रिज और अंडरब्रिज बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को सड़क पार करने में सुविधा होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। सरकार की ओर से यह भी बताया गया है कि हिसार-डबवाली मार्ग पर लाइटों को दुरुस्त कर दिया गया है तथा संकेतक बोर्ड लगा दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। अभी भी कुछ कार्य किए जाने बाकी हैं। विशेष रूप से सिरसा में फतेहाबाद एंट्री पॉइंट को सुधारने और वहां ऊंचे स्थान पर नई लाइट लगाने की आवश्यकता है। इन मुद्दों को जल्द ही मंत्रालय के समक्ष रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, सांसद कुमारी सैलजा द्वारा उठाई गई सिरसा के दक्षिणी बाइपास की मांग पर भी मंत्रालय ने सकारात्मक रुख अपनाया है और जालंधर-तारानगर रोड के दक्षिणी हिस्से में बाइपास की डीपीआर तैयार करने का आश्वासन दिया है। कुमारी सैलजा ने आग्रह किया है कि इस बाइपास का निर्माण शीघ्र किया जाए ताकि सिरसा शहर से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम हो और शहर की जनता को राहत मिल सके।

### मुख्यमंत्री बोले, एसएमएस के माध्यम से मिलेंगे किसानों को गेट पास

**हरियाणा की अनाज मंडियों में किसानों को नहीं होनी चाहिए किसी भी तरह की परेशानी**

## मंडियों में 24 घंटे तैनात होंगे निरीक्षक, किसानों की फसल एमएसपी पर ही खरीदी जाएं: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा की अनाज मंडियों में किसानों को खरीफ फसल सीजन में कोई परेशानी न हो इसको लेकर प्रत्येक मंडी में एक निरीक्षक 24 घंटे ड्यूटी पर रहेगा और ड्यूटी में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी खरीफ फसल सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंडियों और खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। किसानों



को एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी मुख्यमंत्री सैनी ने स्पष्ट किया कि किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी। सरकार द्वारा एमएसपी दर पहले ही तय की जा चुकी हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों के मोबाइल पर गेट पास पहुंचे। स्कैनर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए ताकि किसान मोबाइल से गेट पास डाउनलोड कर सकें और उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### सोयाबीन, काला तिल, उड़द और अरहर की फसलों को दें बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने सोयाबीन उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि सोयाबीन से पौष्टिक उत्पाद बनते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि काला तिल, उड़द, अरहर और सोयाबीन जैसी फसलों पर बोनस दिया जाएगा । नमी जांचने के लिए खरीदें उन्नत किस्म की मशीनें मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नमी जांच के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी की मशीनें खरीदी जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही मंडियों में नमी जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएं।

#### मंडियों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित हों

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। खरीद केंद्र और मंडियों में पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीने के पानी, जल निकासी, स्वच्छता और फसल की सुरक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने मंडियों में डिजिटल/इलेक्ट्रॉनिक कांटे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि फसल का सटीक वजन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल को बारिश से नुकसान न हो, इसके लिए उच्च श्रेणी के भंडारण और तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों को बेहतर आय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित किए है । धान (कॉमन) के लिए एमएसपी 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। ज्वार (हाईब्रिड) का एमएसपी 3699 रुपये तथा मलदंडी ज्वार का 3749 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। बाजरा 2775 रुपये, मक्का 2400 रुपये, तूर/अरहर 8000 रुपये, मूंग 8768 रुपये, उड़द 7800 रुपये, मूंगफली 7263 रुपये, सोयाबीन (पीला) 5328 रुपये, तिल 9846 रुपये और काला तिल 9537 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से एमएसपी घोषित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ममता ने किया आह्वान

## बंगाली में और अधिक बोलो आपको डरने की जरूरत नहीं

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने जनता से आग्रह कि वे बंगाली में ज्यादा बोलें



और डरें नहीं। उनका यह बयान राज्य के प्रवासी मजदूरों पर हो रहे कथित हमलों की पृष्ठभूमि में आया है। हम अपनी मातृभाषा यानी बंगाली ही बोलेंगे। लेकिन हम दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो प्रवासी मजदूर वापस बंगाल लौटेंगे, उन्हें सरकार की ओर से पांच हजार रुपए दिए जाएंगे और उनके बच्चों को नजदीकी स्कूल में दाखिला मिल सकेगा।

#### नेपाल मामले पर हम गंभीर

ममता ने कहा कि नेपाल में फंसे पर्यटकों की स्थिति को मैं गंभीरता से ले रही हूं। मैं उन्हें यह कहना चाहती हूं कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, वे थोड़ा इंतजार करें। हम इस पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं और जल्द ही आप सभी को वापस लाया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### बीएचयू से पढ़ीं ....

पर मोहर लगी है। कार्की जेन-जी में शामिल युवाओं का प्रतिनिधित्व करेंगी और सेना से बातचीत के करेंगी। करीब चार घंटे तक चली मीटिंग के बाद सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनी। जेन-जी आंदोलन में शामिल नेताओं ने आगे की बातचीत के लिए सुशीला कार्की को अपना प्रतिनिधि बनाया है। यह मीटिंग जूम मीटिंग पर चली। गौर हो कि नेपाल में जनजातीय प्रदर्शनकारियों के तीन समूह गैर-राजनीतिक नेता के नाम पर चर्चा के लिए बैठक कर रहे थे। उन्हें एक ऐसा नेता चाहिए था जो अंतरिम सरकार गठन के लिए नेपाली सेना के साथ बातचीत का नेतृत्व करे। कार्की का जन्म 7 जून, 1952 को विराटनगर में हुआ। उन्होंने वकालत और कानूनी सुधार के क्षेत्र में अपना करियर शुरू करने से पहले सुशीला कार्की ने पॉलिटिकल साइंस और कानून में डिग्री हासिल की।

### नेपाल में तनाव के बीच मुसीबत में फंस...

जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए तिब्बत में फंसे हुए यात्रियों के लिए एक परामर्श जारी किया है।

**भारत ने दी है 750 यात्रियों को मंजूरी :** मालूम हो कि भारत और चीन के बीच वर्ष 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य विवाद की पिछले साल हुई समाप्ति के बाद यह पहला मौका है। जब दोनों देशों की सरकारों ने इस पवित्र यात्रा की आधिकारिक रूप से शुरुआत को अपनी मंजूरी प्रदान की थी। भारत ने कुल 750 लोगों को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए स्वीकृति प्रदान की थी। यह लोग उत्तराखंड और सिक्किम के दो परंपरागत मार्गों से यात्रा में भाग ले रहे हैं।

### करीब एक लाख ...

को प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू ने राष्ट्रीय बजट पेश किया था। इसमें 2026 के लिए वित्तीय योजना में खर्चों को घटाने का जिक्र था। इस बजट कटौती के अलावा तीन ऐसी चीजों को खत्म करने की बात कही गई, जिसे फ्रांस के लोग मानने के लिए तैयार नहीं दिखे। इन प्रस्तावों में दो सार्वजनिक अवकाश रद्द करना, अमीरों के लिए कर छूट सीमित करना और सिविल सेवा की नौकरियों में कटौती करना शामिल है। सोशल मीडिया पर एक बड़ा तबका इनके खिलाफ आंदोलन की तैयारी करने लगा। बहिष्कार, अवज्ञा और एकजुटता ट्रेंड करने लगा। यहीं से फ्रांस में 10 सितंबर को राष्ट्रीय आंदोलन की नींव पड़ी। इन प्रदर्शनों को पहले ही- 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दे दिया गया। इन प्रदर्शनों की अगुवाई 'द सिटीजन कलेक्टिव' नाम के संगठन की तरफ से की जा रही है, जिसमें करीब 20 आयोजनकर्ता जुड़े हैं।

### अब तक 2 हजार...

उन्होंने सुबह 9 बजे तक ही 75 लोगों को हिरासत में ले लिया था, जो कि बाद में बढ़कर 2000 के पार पहुंच गई। इस बीच करीब एक लाख लोगों के सड़कों पर होने की खबर आई है। राजधानी पेरिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रिटेला ने कहा कि रेने शहर में एक बस में आग लगा दी गई और दक्षिण-पूर्व में ट्रेन सेवा को रोकना पड़ा है, क्योंकि पावर लाइन को नुकसान हुआ है। इन स्थितियों से निपटने के लिए पूरे फ्रांस में 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

### कोलकाता इंटरैक्टिव सेशन...

जिले में आ रहे हैं। सेशन में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की। कोलकाता के इंटरैक्टिव सेशन में कुल 14,600 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को बताया कि पीएम मित्रा पार्क के माध्यम से टैक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में राज्य की औद्योगिक क्षमता और रोजगार सृजन को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार की नीतियों का उद्देश्य किसानों, उद्योगपतियों और युवाओं को समान रूप से लाभ पहुंचाना है। राज्य में किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य और प्रोसेसिंग का सही अवसर मिलता है, उद्योगपतियों को व्यवसाय विस्तार की सुविधा है। युवाओं को रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जाते हैं।

### मध्य प्रदेश को मिला...

भूमिका को रेखांकित किया है। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यह सम्मान मध्य प्रदेश की जनता और यहां की संस्कृति के गौरव का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन को विकास की धुरी बनाने का संकल्प लिया है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि यह अवॉर्ड हमारी टीम की साझा मेहनत और विजन का परिणाम है।

### राज्यपाल, मंत्रिपरिषद...

जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ, राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में सुनवाई कर रही है। इस पीठ में जस्टिस गवई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल हैं। अदालत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भेजे गए 14 प्रश्नों की जांच कर रही है, जिनमें राष्ट्रपति ने पूछा है कि क्या न्यायिक आदेश राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए समय-सीमाएं निर्धारित कर सकते हैं।

### पड़ोसी देश में देखिए...

कोर्ट से सलाह लेने का अधिकार है, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि देखिए हमारे पड़ोसी राज्यों में क्या हो रहा है। नेपाल, हमने देखा। जस्टिस विक्रम नाथ ने बांग्लादेश हिंसा की याद दिलाई।

### पूरे देश में वोटर लिस्ट ...

में किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा बिहार चुनाव समाप्त होने से पहले ही हो सकती है। सम्मेलन-सह-कार्यशाला के दौरान, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से पूछा गया कि वे इस संशोधन के लिए कितनी जल्दी तैयार हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मिजोरम में रेल लाइन केवल यात्रा नहीं, समृद्धि भी

**नई दिल्ली।** भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित मिजोरम की राजधानी आइजोल रेल नेटवर्क से जुड़ने का जश्न मना रहा है। बइरबी-साय रंग रेल लाइन बिछा दी गई है, जो इस ऐतिहासिक बदलाव की गवाह बनेगी। यह लाइन असम-मिजोरम सीमा के पास स्थित बइरबी से शुरू होकर, राजधानी आइजोल से मात्र 18कि.मी.दूर बसे छोटे नगर सायरंग तक पहुँचती है। 51.38 कि.मी.लंबी यह नई रेल लाइन घने बाँस के जंगलों, गहरी घाटियों और खड़ी पहाड़ियों से गुजरते हुए लुशाई (मिजो) पर्वतोंसेहोकरनिकलती है।

### स्कोडा वाहनों के दाम 3.3 लाख रुपए तक घटाएगी



**नई दिल्ली।** जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देने के लिए वाहन कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो की कीमतों में 3.3 लाख रुपये तक की कटौती करने का फैसला किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि 22 सितंबर से उसकी कोडियाक एसयूवी की कीमत 3,28,267 रुपये तक कम हो जाएगी।

### हीरो मोटोकॉर्प मॉडल के दाम 15,743 रुपए तक घटाएगी



**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने बुधवार को कहा कि वह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में 15,743 रुपये तक की कटौती करेगी। हीरो मोटोकॉर्प ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि नई कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।

# यूपीआई से पेमेंट करते हैं तो 15 सितंबर से ट्रांजैक्शन लिमिट में होगा बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप यूपीआई के जरिए बीमा, निवेश, या ऑनलाइन शॉपिंग जैसे बड़े भुगतान करते हैं, तो आपके लिए एक जरूरी अपडेट है। 15 सितंबर 2025 से यूपीआई ट्रांजैक्शन लिमिट में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। यह फैसला एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) ने लिया है ताकि ज्यादा अमाउंट के डिजिटल लेनदेन को और आसान और सुरक्षित बनाया जा सके।

अब तक, सामान्य यूपीआई लेनदेन की ट्रांजैक्शन सीमा 1 लाख रुपए थी। लेकिन कुछ खास श्रेणियों में यह सीमा बहुत कम थी, जिससे यूज़र्स को परेशानी होती थी। एनपीसीआई ने इसको ध्यान में रखते हुए अब कुछ चुनी हुई 12 प्लस कैटेगरी में लेनदेन की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी है। इसके साथ-साथ कई कैटेगरी में दैनिक (24 घंटे में) कुल लिमिट भी बढ़ा दी गई है।

**बीमा, निवेश या ऑनलाइन शॉपिंग जैसे बड़े भुगतान में होती थी परेशानी**

### पर्सन-टू-पर्सन ट्रांजैक्शन पर क्या होगा असर?

पर्सन टू पर्सन ट्रांजेक्शन पर कोई असर नहीं होगा, यानी दोस्तों या परिवार को पैसे भेजने की सीमा अभी भी 1 लाख रुपए प्रति ट्रांजैक्शन पर ही बनी रहेगी। क्योंकि यह बदलाव सिर्फ कुछ चुनिंदा कैटेगरी के लिए लागू होगा। कैपिटल मार्केट, बीमा प्रीमियम, यात्री ट्रेवल बुकिंग, क्रेडिट कार्ड भुगतान, कलेक्शन, ज्वेलरी खरीदारी के लिए प्रतिलेन सीमा अब 5 लाख रुपए होगा।

**एनपीसीआई ने अब लेनदेन की सीमा 5 लाख रुपए कर दी है**




### क्यों किया गया बदलाव?

एनपीसीआई का कहना है कि जैसे-जैसे लोग डिजिटल पेमेंट की ओर बढ़ रहे हैं, वैसे ही बड़ी राशि वाले भुगतान की मांग भी बढ़ रही है। इसलिए यूपीआई को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए ये बदलाव जरूरी थे। इससे न सिर्फ उपभोक्ताओं को सहूलियत मिलेगी बल्कि बिजनेस के लिए भी यह एक बड़ा बूस्ट साबित होगा।

### किन कैटेगरी पर होगा असर?

इस बदलाव का सीधा फायदा उन्हें मिलेगा जो बीमा प्रीमियम भरते हैं, शेयर बाजार में निवेश करते हैं, क्रेडिट कार्ड बिल चुकाते हैं, सरकारी प्लेटफॉर्म से खरीदारी करते हैं या फिर ट्रैवल और बिजनेस से जुड़े ट्रांजैक्शन करते हैं। अब इन सभी में यूपीआई से बड़े अमाउंट की पेमेंट संभव हो सकेगी।

## मजबूत वृद्धि दर और घरेलू मांग के चलते की गई

# फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.9 फीसदी किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*फिच रेटिंग्स ने जून तिमाही की मजबूत वृद्धि और घरेलू मांग के चलते चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले फिच ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।*

फिच पहली वैश्विक रेटिंग एजेंसी है जिसने 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। अपने सितंबर के वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) में रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की मार्च और जून तिमाहियों के बीच आर्थिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हुई है, और वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर जनवरी-मार्च के 7.4 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल-जून में सालाना आधार पर बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। यह हमारे जून, जीईओ में 6.7 प्रतिशत के पूर्वानुमान से काफी ज़्यादा है।

### घरेलू मांग वृद्धि को बढ़ावा देने में भूमिका निभाएगी

फिच ने कहा कि अप्रैल-जून के नतीजों के आधार पर, फिच ने मार्च, 2026 (वित्त वर्ष 2025-26) में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने अनुमान को जून के जीईओ के 6.5 प्रतिशत से संशोधित करके 6.9 प्रतिशत कर दिया है। फिच ने कहा कि घरेलू मांग वृद्धि को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाएगी, क्योंकि मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देती है और कमजोर वित्तीय स्थिति की भरपाई निवेश से होगी।

- इससे पहले 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का लगाया था अनुमान
- ये पहली वैश्विक रैटिंग एजेंसी है जिसने अनुमान बढ़ाया




***दूसरी छमाही में वार्षिक वृद्धि धीमी रहेगी :*** *फिच ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वार्षिक वृद्धि धीमी रहेगी, और इसलिए हमारा अनुमान है कि अगले वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि दर धीमी होकर 6.3 प्रतिशत रह जाएगी। अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता से थोड़ा ऊपर चल रही है, इसलिए हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027-28 में वृद्धि दर घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी।*

### आरबीआई ने 6.5 फीसदी का अनुमान जताया

फिच का चालू वित्त वर्ष की वृद्धि दर का अनुमान अन्य एजेंसियों से अधिक है। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी दर में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

### आरबीआई रेपो दर में एक और कटौती करेगा

फिच ने आगे कहा, ''हमें अभी भी उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वर्ष के अंत तक रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा। रेपो दर 2026 के अंत तक इसी स्तर पर रहेंगी। हमें उम्मीद है कि आरबीआई 2027 में दरें बढ़ाना शुरू कर देगा।''

### मूडीज ने 6.3 फीसदी का अनुमान जताया

मूडीज रेटिंग्स का अनुमान है कि 2025 के कैलेंडर साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक का अनुमान है कि जीडीपी वृद्धि क्रमशः 6.4 प्रतिशत और 6.3 प्रतिशत रहेगी। फिच ने कहा कि उसे उम्मीद है कि औसत से अधिक मानसूनी वर्षा और उच्च खाद्य भंडार के संदर्भ में खाद्य कीमतों का दबाव कमजोर रहेगा, जिससे 2025 के अंत तक मुद्रास्फीति केवल 3.2 प्रतिशत और 2026 के अंत तक 4.1 प्रतिशत तक ही बढ़ेगी।

# व्यापार वार्ता को लेकर उम्मीदें बढ़ने से सेंसेक्स 324 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- लगातार तीसरे दिन सेंसेक्स में तेजी रही
- निफ्टी ने भी 104 अंक की छलांग लगाई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 324 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 104 अंक के लाभ में रहा। भारत-अमेरिकी के बीच व्यापार वार्ता सफल होने की उम्मीद फिर से बंधने से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 323.83 अंक चढ़कर 81,425.15 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा दिन है जब सेंसेक्स में तेजी रही। कारोबार के दौरान, यह 542.56 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी में लगातार छठे दिन तेजी रही और यह 104.50 अंक बढ़कर 24,973.10 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने भी बाजारों धारणा को मजबूत किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों में आई कड़वाहट दूर होने का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के किसी 'सफल निष्कर्ष' पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वह आने वाले हफ्तों में अपने बहुत अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' से बातचीत करने को उत्सुक हैं।

***भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में रही तेजी*** *सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 4.26 प्रतिशत चढ़ा। एचसीएल टेक 2.57 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.19 प्रतिशत और टीसीएस 1.99 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहें।*

### दूसरी छमाही में बेहतर आय की उम्मीद

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ताओं को लेकर नए सिरे से उम्मीद बंधने से बाजार धारणा मजबूत हुई है। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने और मौद्रिक नीति नरम होने के लाभ के साथ वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में बेहतर आय की उम्मीद, मूल्यांकन को लेकर स्थिति मजबूत बना रही है।'


### अमेरिकी बाजार में पहुंच के लिए 'बेताब' है भारत नौकरियां भी छीन रहा : नवारो

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा है कि अमेरिका को भारत के साथ 'अनुचित व्यापार' की ज़रूरत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिकी बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए 'बेताब' है। पिछले कुछ सप्ताह में नवारो ने भारत के खिलाफ खासकर रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने के लिए, कई आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि भारत और अमेरिका व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वह आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने कहा, ''मुझे पूरा यकीन है कि हमारे दोनों महान देशों के लिए एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

# सोना नए शिखर की और अग्रसर, चांदी फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत बुधवार 250 रुपये बढ़कर 1,13,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच सोना मजबूत हुआ है। हालांकि चांदी 300 रुपये टूटकर रिकॉर्ड स्तर से से नीचे आ गई। इस साल अब तक, सोने की कीमत में 34,050 रुपये या 43.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को इसकी कीमत 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो अब बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को सोना 5,080 रुपये की तेजी के साथ 1,12,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा,''सोना अभी भी रिकॉर्ड उच्चतम स्तर के पास कारोबार कर रहा है।



***चांदी 1,28,500 रुपए प्रति किलो*** *सराफा संघ ने कहा, '' चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से से नीचे आ गईं, और बुधवार को 300 रुपये टूटकर 1,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में, चांदी 1,28,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,657.09 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रहा था।*

# कर्ज के लिए बैंकों की ओर लौटेगी कंपनियां

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ऋण बाजार में बांड प्रतिफल में मजबूती के कारण कंपनियां अपनी कर्ज जरूरतों को पूरा करने के लिए वाणिज्यिक बैंकों की ओर लौट सकती हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एसबीआई के प्रबंध निदेशक (अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और वैश्विक) राम मोहन राव अमारा ने कहा कि कंपनियां अब अपनी ऋण की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंकों की ओर रुख कर रही हैं। अमारा ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कार्यक्रम के दौरान कहा, ''हमने देखा है कि वर्तमान तिमाही में ऋण पत्र (डेट पेपर) के निर्गम की मात्रा में कमी आई है।




- एसबीआई अधिकारी ने कहा, बांड प्रतिफल में मजबूती के कारण संभव
- वर्तमान तिमाही में ऋण पत्र के निर्गम की

***30 साल का बांड प्रतिफल बड़ा*** *अमारा ने कहा, ''दस साल का प्रतिफल 6.6 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि राज्य सरकारों के 30 साल के बांड के प्रतिफल 7.5 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। अगर प्रतिफल इसी तरह बढ़ते रहे तो कंपनियां ऋण के लिए बैंकों के पास वापस आएंगी।'' उन्होंने कहा कि यह एक गतिशील स्थिति है और इसका आकलन करने की आवश्यकता है।*

***ऊर्जा और स्टार्ट अप को ऋण देने उत्सुक*** *अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाए जाने के संबंध में उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव का पता चालू तिमाही में लगाया जा सकता है। इससे पहले, अमारा ने कहा था कि घरेलू बैंकों के पास वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त पूंजी है।*

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

# हर चार में से एक आईफोन खरीदार ईएमआई का विकल्प चुनता है: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित आईफोन 17 के बाजार में आने के बाद, एक नया रुख सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से अगस्त 2025 के बीच, आईफोन खरीदने वाले हर चार में से एक ग्राहक ने लचीले भुगतान विकल्पों का इस्तेमाल किया, जैसे कि एनबीएफसी से ऋण, क्रेडिट कार्ड ईएमआई या कैशबैक योजनाएं। इस तरह, इन ग्राहकों ने फोन की पूरी कीमत एक बार में चुकाने की जगह, आसान किस्तों में भुगतान करना चुना है। अ ग्र ण ओ म नी - चै न ल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्रीमियम स्मार्टफोन खंड में एप्पल का दबदबा कायम है तथा लचीले वित्तपोषण ने इस वृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिपोर्ट के अनुसार, ''जनवरी-अगस्त, 2025 के बीच हर चार में से एक आईफोन खरीदार ने एनबीएफसी से ऋण या क्रेडिट कार्ड ईएमआई/कैशबैक योजनाओं का विकल्प चुना, जिससे कीमत की बाधाएं खत्म हुईं और प्रीमियम तकनीक अधिक लोगों तक पहुंच पाई।'' दूसरे और तीसरी श्रेणी के शहर में बिक्री बढ़ी : इसके बाद रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि केवल महानगरों ही नहीं, बल्कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहर भी बिक्री में वृद्धि कर रहे हैं। इसमें कुछ शहरों में सालाना आधार पर पांच गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।



### आईफोन 17 भारत में 19 सितंबर से बिकेगा

एप्पल ने आईफोन-17 श्रृंखला का अनावरण किया है। इसकी कीमत 82,900 रुपये से 2,29,900 रुपये के बीच है। भारत में यह फोन 19 सितंबर से उपलब्ध होगा। इसके अलावा कंपनी ने अपना अबतक का सबसे पतला आईफोन-आईफोन एयर सीरीज- भी पेश किया है। इसकी मोटाई सिर्फ 5.6 मिलीमीटर है और जो केवल ईसिम को 'सपोर्ट' करेगा। कंपनी ने नए आईफोन मॉडल में 128 जीबी की कम स्टोरेज क्षमता का विकल्प बंद कर दिया है, जिसके कारण आईफोन-16 श्रृंखला की तुलना में आधार मॉडल की कीमत भी ज्यादा हो गई है। आईफोन 17 प्रो दोगुने स्टोरेज विकल्प, 256 जीबी, 512जीबी और 1टीबी में उपलब्ध होगा।

## शब्द पहेली - 5985




**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5984 का हल**





# दलीप ट्रॉफी : युवाओं के पास खुद को साबित करने का मौका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रविचंद्रन स्मरण और दानिश मालेवार जैसे युवा खिलाड़ी गुरुवार से दक्षिण क्षेत्र और मध्य क्षेत्र के बीच शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे।

दोनों टीमों के कुछ खिलाड़ी एशिया कप में भाग ले रहे हैं जबकि कुछ खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले मैच के लिए भारत ए की टीम में शामिल हैं, जिससे यह मुकाबला कुछ हद तक नीरस बन गया है। मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार को छोड़कर कोई भी अन्य स्टार खिलाड़ी इस मैच में भाग नहीं ले रहा है। ऐसे में युवा खिलाड़ियों के पास अपनी चमक बिखरने का यह शानदार मौका है।

## दोनों टीमों के पास कुशल गेंदबाज

दक्षिण और मध्य क्षेत्र दोनों का बल्लेबाजी विभाग मजबूत है। दोनों टीमों के पास कुछ कुशल गेंदबाज भी हैं, जिनमें मध्य क्षेत्र के दीपक चाहर भी शामिल है, जो राष्ट्रीय टीम ने वापसी करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मध्य क्षेत्र को गेंदबाजी विभाग में स्पिनर हर्ष दुबे, तेज गेंदबाज खलील अहमद और यश ठाकुर की कमी खलेगी, क्योंकि ये तीनों खिलाड़ी लखनऊ में भारत ए टीम में शामिल हो गए हैं। दक्षिण क्षेत्र भी देवदत्त पडिक्कल और नारायण जगदीशन जैसे बल्लेबाजों के बिना खेल रहा है।

## आज सुबह 9:30 बजे से दक्षिण और मध्य क्षेत्र के बीच फाइनल मुकाबला



### मध्य क्षेत्र

रजत पाटीदार (कप्तान), आयुष पांडे, दानिश मालेवार, शुभम शर्मा, संचित देसाई, यश राठौड़, नचिकेत भुटे, कुमार कार्तिकेय सिंह, आदित्य ठाकरे, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), अजय सिंह कुकना, अक्षय वाडकर (विकेटकीपर), दीपक चाहर, कुलदीप सेन, सारांश जैन।

### दक्षिण क्षेत्र

मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान और विकेटकीपर), रिकी भुई (उप-कप्तान), रविचंद्रन स्मरण, काले एम, शेख रशीद, तन्मय अग्रवाल, सलमान निजार, आंद्रे सिद्धार्थ, तनय त्यागराजन, गुरजापनीत सिंह, एमडी निधिश, वासुकी कौशिक, अंकित शर्मा, टी विजय, बासिल एनपी। स्टैंडबायः मोहित रेडकर, स्नेहल कौतनकर, ईडन एप्पल टॉम, अजय रोहेरा, जी अनिकेत रेड्डी।

## स्मरण का रिकॉर्ड प्रभावशाली

इन खिलाड़ियों में कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण प्रमुख हैं, जिन्होंने कर्नाटक के लिए सात प्रथम श्रेणी मैचों में 64.50 की औसत से 516 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। लिस्ट ए और टी-20 में भी उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली है। उन्होंने 50 ओवर के प्रारुप के 10 मैचों में 72.16 की औसत से 433 रन और छह टी-20 मैचों में 170 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के सामने निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा।

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# नूपुर ने भारत के लिए पदक पक्का किया, निकहत बाहर

**लिवरपूल (भाषा)।** हैवीवेट मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने मौजूदा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया जब बुधवार को यहां उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओल्टीनॉय सोतिमबोएवा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की चैंपियन निकहत जरीन को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। निकहत को तुर्की की काकिरोग्लू बुसे नाज ने 5-0 से शिकस्त दी। महान मुक्केबाज हवा सिंह की पोती नूपुर ने चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4-1 से हराकर 80 किग्रा से अधिक वर्ग के अंतिम चार में प्रवेश किया। इस वर्ग में सिर्फ 10 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। इस जीत के साथ नूपुर ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। मंगलवार रात जादुमणि सिंह (48 किग्रा) और अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) ने आसान जीत के साथ पुरुष क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि जुगनू अहलावत (85 किग्रा) का अभियान स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकनल्टी के खिलाफ पहले दौर में हार के साथ समाप्त हो गया।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के गोल ने पुर्तगाल को हार से बचाया

**लंदन।** किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलेंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई।

### एएफसी अंडर 23 एशियाई कप भारत क्वालीफायर से बाहर

**दोहा।** भारत की अंडर 23 पुरुष फुटबॉल टीम ब्रूनेइ दारुस्सलाम को आखिरी ग्रुप मैच में 6-0 से हराने के बावजूद एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर से बाहर हो गई। भारतीय टीम के तीन मैचों में छह अंक रहे और उसे ग्रुप एच में कतर और बहरीन के बीच मैच के नतीजे का इंतजार करना पड़ा। कतर ने उस मैच में बहरीन को 2-1 से हराकर भारत के रास्ते बंद कर दिए। कतर ग्रुप में शीर्ष पर रहा, जिसने तीन मैचों में नौ अंक बनाए। भारत छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। दूसरे स्थान की चार सर्वश्रेष्ठ टीमों (11 ग्रुप में से) ने भी क्वालीफाई किया लेकिन भारत पांचवें स्थान पर था।

### चामरी अटापट्टू को श्रीलंका टीम की कमान

**कोलंबो।** चामरी अटापट्टू महिलाओं के वनडे विश्व कप में श्रीलंकाई टीम की कप्तानी करेंगी। सह मेजबान टीम पिछले 12 चरण में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सकी है और अटापट्टू को उम्मीद है कि इस बार वे इस मिथक को तोड़ देंगे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

### कड़े मुकाबले में जीते प्रणय और लक्ष्य, सिंधू का सफर समाप्त

**हांगकांग।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं जबकि एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली सिंधू राउंड-ऑफ-32 मुकाबले में डेनमार्क की निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी गैरवरीय लाइन क्रिस्टोफरसन से एक घंटे से भी कम समय में 21-15, 16-21, 19-21 से हार गईं।

## यादव बने मैन ऑफ द मैच, शिवम दुबे ने तीन विकेट चटकाए

# एशिया कप : कुलदीप यादव के 4 विकेट भारत ने यूएई को नौ विकेट से हराया

भाषा ▶▶| दुबई



भारत ने बुधवार को यहां कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कमजोर बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने के बाद एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में घरेलू टीम पर नौ विकेट की आसान जीत से अपना अभियान शुरू किया। कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव द्वारा बनाई गई रणनीति को गेंदबाजों ने बखूबी अंजाम दिया जिससे भारत ने यूएई को बल्लेबाजी का न्योता देने के बाद 13.1 ओवर में महज 57 रन पर ढेर कर दिया।

भारत ने महज 4.3 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाकर बड़ी जीत दर्ज की। अभिषेक शर्मा ने 30 रन बनाए। उप कप्तान शुभमन गिल ने टी20 क्रिकेट में वापसी करते हुए नाबाद 20 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव सात रन बनाकर नाबाद रहे जिन्होंने क्रीज पर उतरते ही पहली ही गेंद को छक्के के लिए भेजा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 16 गेंद की पारी के दौरान दो चौके और तीन छक्के जड़े। गिल ने नौ गेंद खेलते हुए दो चौके और एक छक्का जड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर सिमरनजीत सिंह ने कभी गिल को किशोरावस्था में गेंदबाजी की थी और इसे विडंबना ही कहिए कि भारतीय उप-कप्तान ने इसी गेंदबाज पर चौका जड़कर विजयी रन बनाया। भारत का बल्लेबाजी प्रदर्शन एक शानदार नेट सत्र जैसा था जिसमें यूएई के गेंदबाजों को बिल्कुल भी समझ नहीं आ रहा था कि गेंद कहां डालनी है। कप्तान सूर्यकुमार यादव के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करते ही स्पष्ट हो गया कि मैच समय से पहले ही समाप्त हो जाएगा।

यूएई के लिए सलामी बल्लेबाज अलीशान शराफू (22 रन) और मोहम्मद वसीम (19 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

कुलदीप को इंग्लैंड में लगातार पांच टेस्ट में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। पर उन्होंने कुशलता से गेंदबाजी करते हुए 2.1 ओवर में सात रन देकर चार विकेट झटके।

जसप्रीत बुमराह ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट झटका। उन्होंने एक बेहतरीन यॉर्कर से केरल में जन्में शराफू (17 गेंद) को आउट कर दिया जिन्होंने तब तक तीन चौके और एक छक्के की मदद से अच्छी शुरूआत की थी। बुमराह के शराफू को बोल्ड करते ही यूएई की शानदार शुरुआत निराशा में तब्दील हो गई क्योंकि इसके बाद उसके बल्लेबाजों के डगआउट लौटने का सिलसिला शुरू हो गया। एसोसिएट देशों के खिलाड़ी नियमित रूप से कुलदीप, वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में चार रन देकर एक विकेट) और अक्षर पटेल (तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट) जैसे स्पिनरों की तिकड़ी से नहीं खेलते तो उन्हें नहीं पता कि उनका सामना किस तरह किया जाए।

शिवम दुबे (दो ओवर में चार रन देकर तीन विकेट) ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों को शानदार अंदाज में आउट किया। दुबे की गेंदबाजी टी20 विश्व कप में अहम होने वाली है।

## हांगकांग को हराकर मजबूत शुरुआत करना चाहेगी बांग्लादेशी टीम



**अबुधाबी।** बांग्लादेश की टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज शेख जायेद स्टेडियम पर गुरुवार को हांगकांग के खिलाफ करेगी, जिसे पहले मैच में अफगानिस्तान ने बुरी तरह हराया है। एशिया कप के उद्घाटन मैच में अफगानिस्तान ने हांगकांग को 94 रन से हराया। अफगानिस्तान के छह विकेट पर 188 रन के जवाब में हांगकांग की टीम 9 विकेट पर 94 रन ही बना सकी थी। उसके सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके और उसकी कमजोर बल्लेबाजी पर एक बार फिर दबाव होगा। उसके गेंदबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर श्रीलंका (13 सितंबर) और अफगानिस्तान (16 सितंबर) के खिलाफ ग्रुप चरण के कठिन मुकाबलों से पहले बांग्लादेश की टीम मजबूत शुरुआत करना चाहेगी।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग

# बिश्नोई और अर्शदीप को फायदा छठे और 10वें स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह जारी नवीनतम आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए।

वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि बिश्नोई, अर्शदीप और अक्षर पटेल एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमशः छठे, 10वें और 13वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं।

## ऑलराउंडर की सूची में पंड्या नंबर एक पर काबिज

ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है।

### एसए20 नीलामी में बने नए रिकॉर्ड

# ब्रेविस को प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 8.3 करोड़ रुपए में खरीदा





एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस और एडेन मार्करम ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र की खिलाड़ियों की नीलामी में रिकॉर्ड धनराशि हासिल करके नया इतिहास रचा। ब्रेविस को सौरव गांगुली की कोचिंग वाली प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 16.5 मिलियन रैंड (लगभग 8.3 करोड़ रुपए) में खरीदा, जो 2022 में ट्रिस्टन स्टब्स के लिए भुगतान किए गए 9.2 मिलियन रैंड (लगभग 4.6 करोड़ रुपए) के पिछले रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। नए मुख्य कोच गांगुली के नेतृत्व में सेंचुरियन स्थित फ्रेंचाइजी ने जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ बोली प्रक्रिया में चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को अपनी टीम से जोड़ा। एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा और अगले साल 25 जनवरी तक चलेगा।

■ एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से होगा शुरू

## ब्रेविस प्रतिभाशाली खिलाड़ी

गांगुली ने नीलामी के बाद कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और पिछले डेढ़ साल में उन्होंने अपने खेल में काफी सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका प्रदर्शन इसका सबूत है।' उन्होंने कहा, 'मैं प्रदर्शन को कभी भी पैसे से नहीं जोड़ता। 16.5 मिलियन रैंड की बात छोड़ भी दें, तो मेरा मानना है कि वह एक शानदार प्रतिभा हैं। वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह खेलते हैं, जो बेहद महत्वपूर्ण है। हमने हर पहलू पर गौर करके उन पर यह कीमत लगाई।'

## मार्करम को सुपर जायंट्स ने 7 करोड़ में खरीदा

दक्षिण अफ्रीका के टी-20 कप्तान मार्करम को डरबन सुपर जायंट्स ने 14 मिलियन रैंड (लगभग सात करोड़ रुपए) में खरीदा, जबकि सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने उन्हें राइट टू मैच कार्ड के तहत 12.4 मिलियन रैंड में रिटेन करने की कोशिश की थी। नीलामी के बाद एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा, 'मैं आंकड़ों के बारे में बात करने से हिचकिचाता हूं, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट में इस तरह के निवेश को देखना रोमांचक है। सबसे अच्छी बात यह है कि फ्रेंचाइजी दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों का समर्थन कर रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यहां कुछ अच्छी प्रतिभाएं हैं।

### आईएसएसएफ विश्व कप

## भारतीय निशानेबाज फाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**निंगबो।** भारतीय निशानेबाजों का आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) में खराब प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा तथा सम्राट राणा, अमित शर्मा और निशांत रावत पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। भारतीय खिलाड़ियों में सम्राट ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वह 582 अंक बनाकर क्वालीफिकेशन में 10वें स्थान पर रहे। चीन के हू काई ने प्रारंभिक दौर में 589 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 242.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन के ही यू चांगजी ने 241.5 अंकों के साथ रजत पदक जीता। इस तरह चीन के पदकों की संख्या दो स्वर्ण और इतने ही रजत के साथ चार हो गई। दूसरी ओर भारत अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाया है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग ले रहे भारत के अन्य खिलाड़ियों में अमित शर्मा 576 अंक के साथ 28वें, जबकि निशांत रावत 568 अंक के साथ 42वें स्थान पर रहे।



# महिला वनडे विश्व कप: न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, चार नए खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी ▶▶| आकलैंड

पांचवीं बार विश्व कप खेल रही अनुभवी हरफनमौला सोफी डेवाइन इस महीने के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड की अगुवाई करेंगी जबकि चार खिलाड़ी पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट खेलेंगे। पंद्रह सदस्यीय टीम की घोषणा की गई, जिसमें छह खिलाड़ी विश्व कप में पदार्पण करेंगे।

टीम में अनुभवी सूजी बेट्स और तेज गेंदबाज ली ताहुहू भी हैं, जिनका यह क्रमशः पांचवां और चौथा विश्व कप होगा।



मैडी ग्रीन और मेली केर तीन बार विश्व कप खेल चुकी हैं। न्यूजीलैंड के कोच बेन सॉयर ने कहा ,' मैं टीम के संतुलन से बहुत खुश हूं। हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का सही मिश्रण है। पिछले चार आईसीसी टूर्नामेंटों से मैं टीम के साथ हूं और इस बार तैयारी सर्वश्रेष्ठ है।' न्यूजीलैंड को पहला मैच एक अक्टूबर को आस्ट्रेलिया से इंदौर में खेलना है।

### न्यूजीलैंड टीम

सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमेर, ली ताहुहू ।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 42 मदों तक मदें निहित सूची (42 मदों का सिंगल लॉट)। | 11.09.2025 10.10.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग बहादुरगढ़ | आरडी 19250 से 22150 तक पश्चिम जुआ ड्रेन के साथ साखोल से बराही तक लोनिवि (भ व प) के विखण्डित रोड की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 17.09.2025 | 25.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल मंडी डबवाली | कालांवाली कस्बा :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में 9.50 एमएलडी एसटीपी पर ऑनलाइन एनालाइजर, फ्लो मीटर, आईआरटीयू इत्यादि के प्रावधान व स्थापना हेतु डीएनआईटी, सीएच. टू. :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में 9.50 एमएलडी एसटीपी पर ऑनलाइन एनालाइजर, फ्लो मीटर, आईआरटीयू इत्यादि के प्रावधान व स्थापना हेतु आकलन [PUH/2024-25/197498]। | 08.08.2025 15.09.2025 | 19.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | लोनिवि (भ व प) शाखा, गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स (टावर ऑफ जस्टिस) में मेन बिल्डिंग के फायर डोर्स की स्थापना और मल्टीलेवल बेसमेंट पार्किंग में अग्निशमन प्रणाली। | बंद होने की तिथि 24.09.2025 | 608.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | 5 वर्ष के लिए बीएस-IV एमिशन नॉर्म्स पूरा करने वाली 150 पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन मिनी बसों के एएमसी हेतु एजेंसी/फर्म को किराये पर लेने के लिए ऑनलाइन निविदा। | 11.08.2025 25.09.2025 | 27 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज, सिरसा | गांव नेजिया खेड़ा, नारायण खेड़ा, अली मोहम्मद, गादली, चौबुर्जा, नेहराना, धिंगतानिया, चाडिवाल, ब्लॉक नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में इंडोर जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई) + 2 कार्य। | 09.09.2025 16.09.2025 | 51,94,800/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज, सिरसा | माधोसिंधाना - गांव माधोसिंधाना, ब्लॉक सिरसा जिला सिरसा (एसएचसी) में सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 06.09.2025 12.09.2025 | 42,03,223/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि (भ व प) शाखा, कैथल | कैथल जिला में (कैथल निर्वाचन क्षेत्र (कोर्ट केस की वजह से) आरडी 2.25 से 2.575 कि.मी. तक कैथल कवारतान रोड की शिफ्टिंग (आईडी 7116)। | बंद होने की तिथि 15.09.2025 | 26.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सिरसा | जोधकां - गांव जोधकां, ब्लॉक नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा में ग्राम पंचायत में ओपन जिम की स्थापना (वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | 09.09.2025 16.09.2025 | 3,35,976 | https://etenders.hry.nic.in | 9416573103 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल में नारनौल शाखा के पम्प हाउस एनबी-4 पर 01 अदद 50 सीएस वीटी एक्सीयल फ्लो पम्प (पी-3) मेक : डब्ल्यूपीआईएल की विशेष मरम्मत + 4 अदद निविदाएं। | बंद होने की तिथि 24.09.2025 | 17.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 11 | वन विभाग चरखी दादरी | नया पौधारोपण दादरी ब्लॉक + 5 अन्य। | 06.09.2025 12.09.2025 | ईएमडी 1,14,082/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812469962 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/38590/I/88/7 दि. 10.09.25

भारत के निकट पड़ोसी देश में युवाओं के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच हरिभूमि से बातचीत में सुरक्षा विशेषज्ञों ने दी यह प्रतिक्रिया

# नेपाल के हालात चिंताजनक, 1751 किमी. लंबी खुली सीमा पर बढ़ानी होगी निगरानी

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

वो कहते हैं न जब पड़ोस में आग लगी होती है तो अपना घर बचाने की चुनौती तो रहती ही है...यह पंक्ति भारत पर पूरी तरह से फिट बैठती हुई नजर आ रही हैं। क्योंकि वर्तमान में चीन को छोड़कर उसके तमाम पड़ोस देशों में अस्थिरता का चिंताजनक माहौल बना हुआ है। ताजा उदाहरण नेपाल का है। जहां पढ़े-लिखे बेरोजगार युवा अपनी ही सरकार के नुमाइंदों के खिलाफ सड़कों पर आक्रोशित नजर आ रहे हैं। कुछ समय पहले बांग्लादेश और उससे थोड़ा पहले श्रीलंका और म्यांमार का भी यही हाल था।

इस परिदृश्य के बीच भारत की सीमाई सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता के साथ सवालों का उठना लाजमी है। जिनके सुरक्षा विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में जवाब देने की कोशिश की है। उनका कहना है कि भारत की नेपाल के साथ कुल करीब 1 हजार 751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा लगती है। जिसकी सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए एसएसबी सहित अन्य सैन्य-सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट के साथ अपनी निगरानी को चाक-चौबंद बनाना पड़ेगा। साथ ही नेपाल के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी किए बिना उससे व्यक्तिगत संबंधों को मधुर बनाए रखना बेहद जरूरी है।

अलग खबर



### राजशाही बनाम धराशायी लोकतंत्र का दौर

*लेफ्टिनेंट जनरल कुलकर्णी ने कहा, नेपाल में करीब 250 साल तक राजशाही रही है। राजा वीरेंद्र को मारा गया फिर राजा गजेंद्र ने सत्ता संभाली। ये वही राजा गजेंद्र हैं, जो इस साल मार्च में थोड़ा सक्रिय भी हुए थे। लेकिन फिर शांत हो गए। पड़ोसी देश का संसदीय लोकतंत्र 17 साल पुराना है। जिसमें 13 प्रधानमंत्री बदल गए। जबकि 250 साल की राजशाही में केवल 10 ही राजा बने। नेपाल में जो भी पीएम बने, वो या तो नेपाल कांग्रेस से थे या फिर चीन से जुड़े कम्युनिज्म से उनका गहरा नाता रहा। जब ये सत्ता में आए तो इन्होंने नेपाल से पूरे हिंदुत्व को खत्म कर दिया और एक प्रकार से अपना मार्क्सिज्म और लेनिनिज्म उस पर थोपा। अब ये नेपाल के नए राजा बन गए, सब समृद्ध हो गए। पहले एक राजा रईस था। लेकिन अब कई रईस हो गए। जो युवाओं को पसंद नहीं आया।*

### दूसरा मणिपुर नहीं बनना चाहिए नेपाल



सेना के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि भारत की नेपाल के साथ कुल करीब 1 हजार 751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा लगती है। जिस पर कोई बाड़ (फेंस) लगी हुई नहीं हैं। केवल बॉर्डर पिलर्स के जरिए दोनों देश अपनी-अपनी सीमाओं की पहचान करते हुए गश्त करते हैं। अभी वहां पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। जिसे देखते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट के साथ सरहदी निगरानी को पुख्ता बनाने की जरूरत है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए कि नेपाल दूसरा मणिपुर बन जाए या भारत के नेपाल से लगे हुए सीमावर्ती राज्यों के लिए मणिपुर जैसी चिंताजनक स्थिति न उत्पन्न हो जाए। मणिपुर में म्यांमार के लोगों ने जाकर हालात बिगाड़े हैं। ऐसे में बहुत संभावना है कि नेपाल के मौजूदा हालात के बीच वहां से कुछ असामाजिक तत्व उक्त भारतीय राज्यों में आकर समस्या न उत्पन्न कर दें। ऐसे में हमें बेहद चौकन्ना रहने की आवश्यकता है।

### पाक को मिलेगा घुसपैठ बढ़ाने का मौका

*कुलकर्णी ने कहा कि भारत के पाकिस्तान के साथ संबंध अच्छे नहीं हैं। नेपाल में मुसलमानों के साथ ही पाकिस्तान का भी बोलबाला हो गया है। काठमांडू की मौजूदा अशांति आईएसआई के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि बीते वक्त में हमने देखा है कि जब भारत ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी घुसपैठ पर रोक लगाई। तो पाकिस्तान ने नेपाल के रास्ते घुसपैठ को बढ़ावा दिया। अब हमारे सामने चुनौती पाकिस्तान के साथ ही नेपाल से लगी सीमा पर सुरक्षा को मजबूत बनाने, नियमित गश्त बढ़ाने और हर प्रकार की आवाजाही पर सख्त निगरानी को चौबीसों घंटे बनाए रखने की होगी।*

### चुनौतियों के बाद भी संभाल लेगा भारत

मेजर जनरल अस्थाना ने कहा, भारत आज से नहीं ऐतिहासिक रूप से अस्थिर पड़ोसियों से घिरा हुआ रहा है। विकसित होते लोकतंत्र छोटे देशों में स्थिर नहीं रहे हैं। लेकिन इस मामले में भारत काफी हद तक भाग्यशाली रहा है। उसने अपनी विकास दर और स्थिरता को बरकरार रखा है। भारतीय लोकतंत्र की सफलता यही है कि यहां पावर हमेशा बैलेट से बदली है। उसके लिए कभी खूनखराबा नहीं हुआ। नेपाल की खुली सीमा से खतरा है जैसे शरणार्थी और असामाजिक तत्वों की चुनौती है। लेकिन इसके बाद भी भारत स्थिति को संभाल लेगा। मुझे उम्मीद है कि हम लगातार विकास करेंगे।

### अस्थिर नेपाल के पीछे अमेरिका?



*सेना के पूर्व अधिकारी मेजर जनरल एस.बी.एस. अस्थाना ने कहा कि हालिया नेपाल और उससे पहले भारत के अन्य पड़ोसी देशों में बनी हुई अस्थिरता के पीछे मुझे लगता है कि कहीं न कहीं पश्चिम यानी अमेरिका का हाथ हो सकता है। क्योंकि पाकिस्तान से लेकर बांग्लादेश और फिर नेपाल में बदलाव का जो एक खतरनाक पैटर्न हमें दिखता है। उसके पीछे अमेरिका, चीन की पावर पालिटिक्स बड़ी वजह हो सकती है। दोनों प्रतिद्वंदी हैं। भारत को अमेरिका अपने भविष्य के प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखता है। यूएसएसआर के समय अमेरिका ने चीन को मदद दी थी, लेकिन आज वो उससे भी बड़ा हो गया है। जिसे देखते हुए अमेरिका भारत के साथ वही गलती नहीं दोहराना चाहता है। चीन को घेरने के लिए अमेरिका को भारत की जरूरत भर है। ऐसे में अब वो नेपाल में एक ऐसी रिजीम चाहते हैं, जो चीन और भारत दोनों के लिए ठीक न हो। जिसके बाद ही ये बदलाव हुआ है।*

पीएम मोदी आज वाराणसी में मॉरीशस समकक्ष से करेंगे मुलाकात

# कई मुद्दों पर दोनों देश करेंगे द्विपक्षीय चर्चा, आपसी रिश्ते और मजबूत होंगे

*दोनों नेता स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और 'नीली अर्थव्यवस्था' जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को मुंबई पहुंचे मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम 16 सितंबर तक भारत के दौरे पर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को वाराणसी का दौरा करेंगे और इस दौरान अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की मेजबानी करेंगे। साथ ही द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे।

एक अधिकारी ने कहा कि यह बैठक स्थायी सभ्यतागत जुड़ाव, आध्यात्मिक बंधनों और लोगों के बीच गहरे संबंधों को लेकर होगी। जिसने भारत और मॉरीशस के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे।

» **विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर देंगे ध्यान**

» **दोनों सहयोग के सभी पहलुओं की करेंगे समीक्षा**



फाइल

### मॉरीशस घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी

*हिंद महासागर क्षेत्र में एक मूल्यवान साझेदार और घनिष्ठ समुद्री पड़ोसी के रूप में, मॉरीशस भारत के 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास के लिए पारस्परिक व समग्र उन्नति) दृष्टिकोण और 'पड़ोसी पहले' नीति के लिए महत्वपूर्ण है।*

#### रणनीतिक साझेदारी वाले संबंध

मॉरीशस पीएम की यह यात्रा मार्च 2025 में पीएम मोदी की मॉरीशस की राजकीय यात्रा से उत्पन्न सकारात्मक गति को आगे बढ़ाएगी, जिसमें दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को 'वृहद रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाया था।

**मुंबई में मॉरीशस के पीएम बोले**

### भारत ने हमेशा मॉरीशस का दृढ़ता से समर्थन किया

**मुंबई।** मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने बुधवार को कहा कि भारत दंडात्मक शुल्कों और व्यापार युद्ध से काफी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि संरक्षणवादी नीतियों में वृद्धि, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते तनाव और जलवायु संबंधी घटनाएं कई जोखिमों को और बढ़ा रहे हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और अन्य उद्योग निकायों और विदेश मंत्रालय के सहयोग से यहां आयोजित मॉरीशस-भारत व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए रामगुलाम ने कहा कि भारत, मॉरीशस के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक आजमाया हुआ और भरोसेमंद भागीदार रहा है तथा भारत ने हमेशा मॉरीशस का दृढ़ता से समर्थन किया है।

ईरान और आईएईए में हुआ समझौता

# अंतरराष्ट्रीय एजेंसी की इजरायल के सभी परमाणु प्रतिष्ठानों तक फिर से होगी पहुंच

एजेंसी ▶▶ वियना

ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बीच हुए समझौते के तहत संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी को ईरान के सभी परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंच मिलेगी और तेहरान को इस वर्ष की शुरुआत में इजरायल द्वारा हमला किए गए स्थलों पर मौजूद सामग्री के बारे में रिपोर्ट देनी होगी।

यह जानकारी आईएईए के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को दी। इस समझौते की घोषणा मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी महानिदेशक राफेल ग्रॉसी, ईरानी



विदेश मंत्री अब्बास अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती के बीच बैठक के बाद की गई। समझौते का विवरण तुरंत जारी नहीं किया गया। बुधवार को वियना में अपनी एजेंसी के 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' को संबोधित करते हुए, ग्रॉसी ने कहा कि यह दस्तावेज 'निरीक्षण सूचनाओं की प्रक्रियाओं और उनके क्रियान्वयन की स्पष्ट समझ प्रदान करता है।' ग्रॉसी ने कहा कि इस समझौते में 'ईरान की सभी सुविधाएं और प्रतिष्ठान शामिल हैं और इसमें उन सभी पर हमला किए गए प्रतिष्ठानों को लेकर आवश्यक जानकारी देने की बात भी शामिल है, जिनमें वहां मौजूद परमाणु सामग्री भी शामिल है।'

उन्होंने कहा कि इससे 'संबंधित निरीक्षण और पहुंच का रास्ता खुलेगा', हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कब होगा। ग्रॉसी ने बताया कि इस दस्तावेज़ की तकनीकी प्रकृति इसके गहन महत्व को कमतर नहीं करती। ईरान और एजेंसी अब पुनः सम्मानजनक और व्यापक तरीके से सहयोग शुरू करेंगे। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि इन व्यावहारिक कदमों को अभी लागू करने की आवश्यकता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने दो जुलाई को ईरान की संसद द्वारा पारित एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी एजेंसी के साथ सभी प्रकार के सहयोग निलंबित कर दिए गए थे। यह कदम जून में ईरान के साथ इजरायल के 12 दिनों के युद्ध के बाद उठाया गया था, जिसमें इजरायल और अमेरिका ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले किए थे।




## चोकसी की 15 सितंबर से शुरू होगी प्रत्यर्पण सुनवाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में 13,000 करोड़ के घोटाले के मुख्य आरोपी और फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ बेल्जियम की अदालत में प्रत्यर्पण कार्यवाही अगले सोमवार से शुरू हो सकती है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। अदालत की सुनवाई बेल्जियम के संघीय अभियोजक के नेतृत्व में होगी। , जिसमें सीबीआई और भारत के विदेश मंत्रालय की टीम भी सहयोग करेगी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी 2023 से बेल्जियम में रह रहा है।

### आबादी बढ़ाने के लिए 1.6 अरब यूरो का पैकेज

**एथेंस।** दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश ग्रीस ने घटती आबादी से परेशान होकर जनसंख्या बढ़ाने के मकसद से 1.6 अरब यूरो (16,563 करोड़ रुपए) के पैकेज का ऐलान किया है। इस पैकेज में सरकार ने अधिक बच्चे पैदा करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स में छूट देने के अलावा अन्य उपायों की भी घोषणा की है। ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस ने रविवार को नई नीतियों की घोषणा करते हुए कहा कि यह राहत पैकेज देश की मौजूद सबसे बड़ी चुनौती यानी घटती जनसंख्या से निपटने के लिए तैयार किया गया है।

असम में नई एसओपी लागू

## अब सिर्फ 10 दिन में डीसी और एसएसपी तय करेंगे 'घुसपैठिए'



एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम कैबिनेट ने मंगलवार को एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया। राज्य में नए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू कर दिए गए हैं, जिनके तहत अब यह तय करने का अधिकार सीधे डीसी (जिला उपायुक्त) और एसएसपी (सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस) के हाथों में होगा कि कौन 'गैरकानूनी घुसपैठिया' है और किसे राज्य से बाहर किया जाए। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नया एसओपी, 1950 के एमीग्रेंट्स एक्ट के तहत लागू किया गया है। इसके तहत 10 दिन का समय देकर किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से भारतीय नागरिकता के सबूत मांगे जाएंगे। अगर सबूत संतोषजनक नहीं पाए गए तो 24 घंटे के भीतर राज्य से बाहर निकाल दिया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने नागरिकता कानून 1955 की धारा 6ए को बरकरार रखा था।

अंतरिक्ष में कैसे रहेंगे, इसकी तैयारी में जुटा इसरो

# गगनयान मिशन को लेकर धरती पर किए जा रहे प्रयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 2027 में अपना पहला मानव अंतरिक्ष मिशन भेजेगा। उससे पहले इसरो 'गगनयान एनालॉग एक्सपेरिमेंट्स' यानी ग्यानेक्स कर रहा है। इसमें चुने गए अंतरिक्ष यात्री स्पेस जैसी परिस्थितियों में कुछ दिन बिताते हैं। मकसद यह है कि उन्हें पहले से ही अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव मिल जाए और हर स्थिति के लिए वे तैयार रहें।

इन प्रयोगों का लक्ष्य है-अंतरिक्ष के जीवन को धरती पर उतारना। यात्री खास मॉड्यूल में रहते हैं, बाहर से कटे हुए, ठीक वैसे ही जैसे अंतरिक्ष में रहना होगा। वहां उन्हें वही सीमित संसाधन दिए जाते हैं, जो असली अंतरिक्ष मिशन में मिलेंगे। यहां तक कि खाना भी डीआरडीओ वाला ही परोसा जाता है। इन प्रयोगों से इसरो यह भी देख रहा है कि सीमित संसाधनों का इस्तेमाल कैसे होगा। जैसे खाना, पानी, हवा और ऊर्जा-इनका प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि गगनयान मिशन में सबकुछ सीमित मात्रा में मिलेगा।



### बंद कमरे में इंसान के व्यवहार का किया परीक्षण

ग्यानेक्स मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्री तय शेड्यूल के हिसाब से चलते हैं। बंद जगह में लंबे समय तक इंसान कैसा व्यवहार करता है और उसका शरीर कैसे प्रतिक्रिया देता है। जुलाई में इसरो ने पहला बड़ा एनालॉग एक्सपेरिमेंट किया, नाम था ग्यानेक्स-1। इसमें ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और उनकी टीम के दो साथी 10 दिन तक सिम्युलेटर में रहे। वे पूरी तरह बाहरी दुनिया से कटे रहे और उसी माहौल में रहे जैसा गगनयान मिशन में होगा। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिक गतिविधियां भी पूरी कीं।

### 11 वैज्ञानिक प्रयोग किए

ग्यानेक्स-1 के दौरान तीनों क्रू मेंबर्स ने 11 वैज्ञानिक प्रयोग किए। इस दौरान उनके स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति, व्यवहार और कामकाज पर लगातार नज़र रखी गई। इस प्रयोग से कई अहम जानकारियां मिलीं। ये सभी प्रयोग बेंगलुरु में बने एक खास सिम्युलेटर में होते हैं। यह असल स्पेसक्राफ्ट जैसा है, जिसमें स्पेस मिशन की हर छोटी-बड़ी डिटेल शामिल की गई है। क्रू मेंबर्स को वही माहौल मिलता है, जो उन्हें अंतरिक्ष यान या स्पेस स्टेशन में मिलेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109